सूर्योदय - 05:58
सूर्यास्त - 06:00
अधिकतम तापमान 29.0°
न्यूनतम तापमान 22.0°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक
RNI No. HARHIN/2023/86132

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

वर्ष : 04 अंक : 73 गुरुग्राम (हरियाणा), 'गुरुवार, 15 अक्तूबर 2026 | हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित | ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से रूस के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

उन्नत ड्रोन तकनीक में भारत-रूस संयुक्त उद्यमों की संभावनाओं पर हुई चर्चा

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा को ड्रोन निर्माण, एयरोस्पेस और उन्नत तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए रूस के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। बैठक में हरियाणा में निवेश, तकनीक हस्तांतरण, संयुक्त अनुसंधान तथा औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में हिसार जिले के हांसी स्थित सिसाय में एवीपीएल इंटरनेशनल द्वारा स्थापित ड्रोन सिटी हरियाणा में दो प्रस्तावित भारत-रूस संयुक्त उद्यमों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इनमें उन्नत हेलीकॉप्टर ड्रोन के निर्माण तथा भारतीय सेमीकंडक्टर चिप्स का उपयोग करते हुए जीपीएस/ जीएनएसएस संकेतों पर निर्भरता के बिना ड्रोन के संचालन एवं नेविगेशन की तकनीक विकसित करने की योजनाएं शामिल हैं।

छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में रूस के चार प्रतिनिधि तथा भारत के दो वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे। रूस के प्रतिनिधिमंडल में स्कोल्कोवो फाउंडेशन के निदेशक श्री लियोनिद आर्टेमोव, प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अलेक्जेंडर जापोरोज्स्की, ओम्नीटेक एलएलसी के सीईओ श्री एलेक्सी उर्बान्स्की तथा 4जीएनएसएस एलएलसी/ओरिएंट सिस्टम्स ग्रुप के सीईओ एवं सह-संस्थापक श्री सर्गेई लेबेदेव शामिल रहे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में ड्रोन टेक मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल श्री राकेश कुमार आनंद तथा एवीपीएल इंटरनेशनल (एआईटीएमसी वेंचर्स लिमिटेड) के संस्थापक एवं चेयरमैन श्री दीप सिंह सिसाय शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सहयोग और प्रस्तावित संयुक्त उद्यमों के माध्यम से हरियाणा में उन्नत ड्रोन निर्माण का मजबूत औद्योगिक तंत्र विकसित करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को रूस की कंपनी ओम्नीटेक एलएलसी और एवीपीएल इंटरनेशनल के बीच प्रस्तावित सहयोग की जानकारी दी। इसके तहत सिसाय स्थित ड्रोन सिटी हरियाणा में उन्नत हेलीकॉप्टर ड्रोन निर्माण इकाई स्थापित करने की योजना है। प्रस्तावित परियोजना में उन्नत मानवरहित हेलीकॉप्टर प्रणालियों के निर्माण, असेंबली, अनुसंधान, परीक्षण और तकनीकी विकास के लिए सुविधाएं विकसित करने की परिकल्पना की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, इन हेलीकॉप्टर ड्रोनों की उड़ान क्षमता 250 किलोमीटर तक तथा भार वहन क्षमता 200 किलोग्राम तक होगी।

इस परियोजना का उद्देश्य तकनीक हस्तांतरण, स्वदेशी निर्माण, अनुसंधान और औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा देना है। प्रस्तावित हेलीकॉप्टर ड्रोन का उपयोग औद्योगिक लॉजिस्टिक्स, आपदा प्रबंधन, दूरदराज एवं दुर्गम क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति तथा अन्य नागरिक और औद्योगिक कार्यों में किया जा सकेगा। संयुक्त उद्यम को अंतिम रूप मिलने पर हरियाणा में विशेषीकृत हेलीकॉप्टर ड्रोन निर्माण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिल सकता है। इससे उन्नत एयरोस्पेस और मानवरहित हवाई प्रणालियों के निर्माण में राज्य की स्थिति और मजबूत होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में स्वीडन पहुंचा हरियाणा का उच्चस्तरीय डेलीगेशन

स्वीडन में भारतीय राजदूत अनुराग भूषण ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा का एक उच्चस्तरीय डेलीगेशन स्वीडन पहुंच गया है। डेलीगेशन 14 से 17 अक्टूबर 2026 तक स्वीडन में रहेगा। इस महत्वपूर्ण यात्रा का उद्देश्य हरियाणा राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करना, वैश्विक औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करना तथा तकनीकी एवं सतत विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना है। स्वीडन पहुंचने पर भारतीय राजदूत श्री अनुराग भूषण ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं डेलीगेशन का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस यात्रा में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद हैं।

15 अक्टूबर को इंडिया-स्वीडन इनोवेशन डे को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी 15 अक्टूबर को इंडिया-स्वीडन इनोवेशन डे को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वे स्वीडन के सरकारी प्रतिनिधियों, वैश्विक उद्योग जगत के दिग्गजों तथा संभावित निवेशकों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें करेंगे। इन बैठकों में ऊर्जा, होम फर्निशिंग, रियल एस्टेट, रक्षा और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में निवेश संबंधी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा होगी।

सिस्टर सिटी साझेदारी एवं शहरों के बीच सहयोग पर फोकस

डेलीगेशन के दौरान सिस्टर सिटी साझेदारी तथा शहरों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे सतत शहरी विकास, तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान तथा आधुनिक शहरी प्रबंधन के क्षेत्र में नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

सरकारी प्रतिनिधियों से संवाद, औद्योगिक बैठकें एवं बिजनेस राउंडटेबल बैठक करेंगे मुख्यमंत्री

यात्रा के दौरान सरकारी स्तर पर संवाद, औद्योगिक बैठकें, बिजनेस राउंडटेबल तथा तकनीकी एवं सतत विकास से संबंधित चर्चाएं आयोजित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह यात्रा हरियाणा को वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर और मजबूत स्थान दिलाने तथा राज्य में रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। हरियाणा सरकार निवेश के अनुकूल वातावरण, विश्वसनीय इंफ्रास्ट्रक्चर तथा नीतिगत स्थिरता के माध्यम से स्वीडन सहित विश्व के प्रमुख देशों के साथ साझेदारी को और विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा में मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों के लिए छह श्रेणियों वाला नियामक ढांचा लागू

पंजीकरण और मरीजों की सुरक्षा के मानक हुए सख्त

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य में मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले संस्थानों के लिए व्यापक नियामक ढांचा बनाया है। इसके तहत मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों को छह श्रेणियों में विभाजित कर उनके पंजीकरण, स्टाफ की योग्यता, मरीजों की सुरक्षा, उपचार संबंधी रिकॉर्ड और संस्थागत जवाबदेही के लिए निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य किया गया है। इस व्यवस्था में मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों के मनोरोग विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों के मनोरोग वार्डों, नशा मुक्ति केंद्रों, मनोसामाजिक पुनर्वास केंद्रों तथा अन्य संबंधित संस्थानों को शामिल किया गया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बुधवार को बताया कि राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 अक्टूबर को अधिसूचित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल (स्टेट मेंटल हेल्थ ऑथोरिटी) विनियम, 2026 को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 के तहत मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले संस्थानों के लिए विनियमन के लिए फ्रेमवर्क बनाया है।

इन विनियमों के तहत स्थायी पंजीकरण के लिए 25,000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। संस्थानों को न्यूनतम मानकों के अनुपालन के प्रमाणस्वरूप आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसके अलावा, पेशेवर योग्यता, मरीजों के अधिकार, चिकित्सा रिकॉर्ड, शारीरिक रूप से रोकने संबंधी प्रावधानों, निजता, स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा और दिव्यांगजनों के लिए सुगम सुविधाओं से जुड़े मानक भी निर्धारित किए गए हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि विनियमों के तहत मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों को उनकी प्रकृति और उपलब्ध सेवाओं के आधार पर श्रेणी A से F तक छह श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। सभी संबंधित संस्थानों को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम की धारा 65 के तहत लागू पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करना होगा। यह व्यवस्था केवल मानसिक अस्पतालों और नशा मुक्ति केंद्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मेडिकल कॉलेजों के मनोरोग विभाग, सामान्य अस्पतालों के मनोरोग वार्ड, आवासीय पुनर्वास केंद्र तथा मादक पदार्थों के सेवन संबंधी विकारों के उपचार से जुड़े निर्धारित संस्थान भी शामिल हैं।

विनियमों में संस्थानों के लिए आवास, स्वच्छता, चिकित्सा उपकरणों, कर्मचारियों की उपलब्धता और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों के संबंध में न्यूनतम मानक तय किए गए हैं। इनमें पर्याप्त वेंटिलेशन, अलग-अलग बिस्तर, स्वच्छ बिस्तर, पेयजल की उपलब्धता, पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्वच्छता सुविधाएं, बिजली का वैकल्पिक प्रबंध तथा जैव-चिकित्सकीय कचरे का सुरक्षित निपटान शामिल है।

मानकों के अनुसार, संस्थानों में रहने वाले मरीजों को फर्श पर सुलाने की अनुमति नहीं होगी।

डिस्को डांडिया के रंग में रंगी ट्राइसिटी की क्वीन, डांस और मस्ती के साथ हुआ नवरात्रि का स्वागत

ओपन सर्च/ब्यूरो

पंचकूला। नवरात्रि के पावन पर्व की शुरुआत ट्राइसिटी क्वीन ग्रुप ने उत्साह, उमंग और धमाकेदार डांस के साथ की। सेक्टर-5, पंचकूला स्थित डिरोमा में आयोजित डिस्को डांडिया इवेंट में ट्राइसिटी की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और डांडिया व गरबा की धुनों पर जमकर ठुमके लगाए। रंग-बिरंगे परिधानों, शानदार संगीत और उत्साह से भरी इस शाम ने नवरात्रि के जश्न को यादगार बना दिया।

इस खास आयोजन का नेतृत्व निधि चावला ने किया। उन्होंने महिलाओं के लिए मनोरंजन, आपसी मेलजोल और त्योहार की खुशियां साझा करने का एक शानदार अवसर तैयार किया। कार्यक्रम में एंकर भवदीप रोमाना ने अपनी बेहतरीन एंकरिंग और जोशीले अंदाज से समां बांध दिया। उन्होंने अपनी ऊर्जा और मनोरंजक अंदाज से उपस्थित महिलाओं को डांस करने के लिए प्रेरित किया और पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।

इवेंट में मनोरंजन का खास ध्यान रखते हुए कई फन गेम्स आयोजित किए गए। इसके साथ ही नवरात्रि व्रत को ध्यान में रखते हुए व्रत स्पेशल फूड की व्यवस्था की गई। मेहमानों के स्वागत के लिए वेलकम गिफ्ट भी रखे गए, जिससे कार्यक्रम में शामिल महिलाओं का उत्साह और बढ़ गया। डांस, गरबा, गेम्स और स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच सभी ने इस शाम का भरपूर आनंद लिया।

डिरोमा बना जश्न और पार्टी का खास ठिकाना

सेक्टर-5, पंचकूला स्थित डिरोमा ने अपने आकर्षक रूफटॉप माहौल और खुले स्थान के साथ इस आयोजन को खास बनाने में अहम भूमिका निभाई। ट्राइसिटी में रूफटॉप पार्टी और सेलिब्रेशन के लिए डिरोमा एक आकर्षक विकल्प के रूप में सामने आता है। यहां का खूबसूरत माहौल, दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने के लिए अनुकूल जगह तथा पार्टी के लिए उपयुक्त वातावरण ऐसे आयोजनों की रौनक को और बढ़ा देता है। डिस्को डांडिया की यह शाम सिर्फ डांस तक सीमित नहीं रही, बल्कि महिलाओं के बीच दोस्ती, उत्साह और त्योहार की खुशियों को साझा करने का एक यादगार अवसर भी बनी। ट्राइसिटी क्वीन ग्रुप की इस पहल ने नवरात्रि के स्वागत को खास अंदाज दिया और सभी प्रतिभागियों को खूबसूरत यादों के साथ विदा किया।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा प्रदेश की विभिन्न जिलों की अनाज मंडियों का रहे हैं दौरा

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को पानीपत जिला की विभिन्न मंडियों का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में किसानों के लिए किए गए प्रबंधों, धान खरीद सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा खरीद प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित रहे। श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों को अपनी धान की फसल बेचने में कोई दिक्कत न आये इस ओर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, साफ-सफाई, फसल खरीद, खरीदी गई फसल का समय पर उठान तथा भुगतान से संबंधित व्यवस्थाएं बेहतर रखी जाएं। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए।

कृषि मंत्री ने इस अवसर पर किसानों एवं आढतियों से बातचीत भी की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को पहले ही आवश्यक दिशा-निर्देश सरकार द्वारा दिये जा चुके है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं तथा खरीद प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि मंडियों में पानी और सीवरेज की व्यवस्था का प्रावधान करने के लिए प्रक्रिया शुरू करें। इसके साथ-साथ जो शैड पुराने हो चुके हैं उन्हें तोडक़र नए शेड बनवाने की प्रक्रिया भी शुरू करें।

मुख्यमंत्री के निर्देशों पर अनुपयोगी बिजली खंभे हटाने की कार्रवाई तेज

हरियाणा में अब तक 4,222 खंभे हटाए गए, 2,221 हटाने शेष

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा में सड़कों के किनारे लंबे समय से खड़े अनुपयोगी बिजली खंभों को हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशों तथा बिजली वितरण निगमों के मार्गदर्शन में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) द्वारा इस दिशा में अभियान चलाया जा रहा है। दोनों निगमों में कुल 6,443 अनुपयोगी बिजली खंभों की पहचान की गई थी, जिनमें से अब तक 4,222 खंभे हटाए जा चुके हैं। शेष 2,221 खंभों को हटाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

बिजली निगमों के प्रबंध निदेशक श्री विक्रम सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों निगमों द्वारा की गई कार्यवाही के अनुसार, डीएचबीवीएन में चिह्नित 2,792 खंभों में से 889 हटाए जा चुके हैं, जबकि 1,903 खंभे हटाए जाने शेष हैं। इसी प्रकार, यूएचबीवीएन में चिह्नित 3,651 खंभों में से 3,333 हटाए जा चुके हैं और अब केवल 318 खंभे हटाने बाकी हैं।

उन्होंने बताया कि यूएचबीवीएन की रिपोर्ट के अनुसार, झज्जर में 35, पानीपत में 22, सोनीपत में 25 और कैथल में 57 अनुपयोगी खंभे हटाए जाने शेष हैं। अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, करनाल और कुरुक्षेत्र सर्कलों में खंभे हटाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। रोहतक सर्कल में 33 केवी लाइन के 112 खंभे खडे हैं, जिनका भविष्य में औद्योगिक क्षेत्र में उपयोग किए जाने की संभावना है। इसीप्रकार, करनाल में 33 केवी लाइन के आठ खंभों का एलटी लाइन के कार्य में उपयोग किए जाने की जानकारी दी गई है।

डीएचबीवीएन की सर्कलवार रिपोर्ट के अनुसार, रेवाड़ी सर्कल में 11 केवी लाइन के 795 और 33 केवी लाइन के 336 खंभे हटाए जाने शेष हैं। भिवानी सर्कल में 11 केवी लाइन के 24 और 33 केवी लाइन के 118 खंभे शेष हैं। इसी प्रकार, नारनौल में 11 केवी लाइन के 39 और 33 केवी लाइन के 208 खंभे, जबकि फतेहाबाद में 11 केवी लाइन के 194 और 33 केवी लाइन के 107 खंभे हटाए जाने बाकि हैं। गुरुग्राम-1 में 11 केवी लाइन के सात और जींद में पांच खंभे हटाने शेष हैं। फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम-2 और सिरसा सर्कलों में यह कार्य पूरा हो चुका है।

31 दिसंबर,2026 तक कार्य पूरा करने के निर्देश

गत दिनों मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सड़कों के किनारे खड़े ऐसे बिजली खंभों को हटाने के निर्देश दिए गए थे, जो अब किसी परिचालन उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर रहे हैं। संबंधित बिजली वितरण निगमों को ऐसे खंभों की जिलेवार पहचान कर उन्हें हटाने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निगम के स्टोर में जमा करवाने के निर्देश दिए गए थे। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लंबित कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें और निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करें।

भारत निर्वाचन आयोग ने Form-7 आवेदनों की संख्या निर्धारित की

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों में नाम शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराने अथवा नाम हटाने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले Form-7 आवेदनों की संख्या निर्धारित की है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, बिना ठोस आधार के बड़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज कराने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने तथा मतदाताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। आयोग के निर्देशानुसार, दावे एवं आपत्तियों की अवधि के दौरान एक मतदाता अधिकतम 10 Form-7 आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। वहीं, मतदाता सूचियों के निरंतर अद्यतन की अवधि के दौरान एक मतदाता प्रति माह अधिकतम 5 Form-7 आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। ये सीमाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदनों पर लागू होंगी।

निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि पंजीकरण निर्वाचक नियम, 1960 के नियम 13(2) के अनुसार Form-7 आवेदन केवल वही व्यक्ति प्रस्तुत कर सकता है, जिसका नाम संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज हो। आवेदन में सभी आवश्यक विवरण भरना तथा आपत्तिकर्ता द्वारा निर्धारित स्थान पर स्वयं हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। हस्ताक्षर की मुहर को मूल हस्ताक्षर का विकल्प नहीं माना जाएगा। आयोग ने निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ERO) को निर्देश दिए हैं कि वे Form-7 आवेदनों की जांच करते समय आवेदक की वास्तविकता एवं मतदाता सूची में उपलब्ध विवरणों का सत्यापन सुनिश्चित करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा पांच से अधिक मामलों में आपत्ति दर्ज कराई जाती है, तो संबंधित प्रावधानों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से सत्यापन किया जाना चाहिए। दावे एवं आपत्तियों से संबंधित आवेदन, चाहे वे डाक द्वारा प्राप्त हुए हों या किसी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किए गए हों, सामूहिक रूप से प्रस्तुत किए जाने पर किसी व्यक्ति द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

नियमों के अनुसार, जहां आवश्यक हो, निर्वाचक पंजीयन अधिकारी आपत्तिकर्ता को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत सुनवाई करेंगे तथा प्रत्येक Form-7 आवेदन के संबंध में आपत्ति की वैधता की जांच करेंगे। जिस व्यक्ति के नाम पर आपत्ति दर्ज की गई है, उसे भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाएगा।

गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-31 की टीम ने अपहरण करने वाले दो आरोपी किए गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

झगड़े की रंजिश रखते हुए दिया था अपहरण करने की वारदात को अंजाम

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी नितिन गुरुग्राम में अपनी टैक्सी चलाता है, जबकि आरोपी खुश उर्फ मंजीत रैपिडो चलाने का काम करता है। कुछ दिनों पहले अभियोग में पीड़ित विक्की उर्फ रोनी व इसके दोस्त सचिन उर्फ कालू का उपरोक्त आरोपी नितिन तथा उसके साथी प्रिंस के साथ झगड़ा हो गया था। इसी झगड़े की रंजिश रखते हुए आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विक्की (पीड़ित) व उसके दोस्त सचिन को अपहरण की योजना बनाई और दिनांक 7 अक्टूबर 2026 की रात को आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ एक क्रेटा गाड़ी में पीड़ित का अपहरण करके उसे हिसार की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान हांसी-बरवाला रोड पर गाड़ी के सामने अचानक गाय आ जाने तथा गाड़ी की गति अधिक होने के कारण दुर्घटना हो गई। दुर्घटना के बाद पीड़ित गाड़ी से उतरकर भागने में सफल हो गया।

गुरुग्राम। झगड़े की रंजिश में अपहरण के मामले में गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-31 की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान नितिन (20 वर्ष), निवासी गांव पथराव, थाना सतनाली, जिला महेंद्रगढ़ व खुश उर्फ मंजीत (19 वर्ष), निवासी गांव मारौत, जिला झज्जर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी वर्तमान निवासी गुरुग्राम को सनसिटी, हिसार से गिरफ्तार किसर गसरञ आरोपियों को अदालत से तीन दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लेकर अपहरण करने की वारदात को अंजाम देने में प्रयोग किए गए दो डण्डे भी आरोपियों के कब्जा से बरामद कर लिए।

गत 7 अक्टूबर को पुलिस चौकी सेक्टर-93, गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक सूचना लेबर चौक से रोनी नामक लड़के का एक सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी में 5/6 लड़के मारपीट कर जबरदस्ती डालकर ले गए थे। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पीड़ित के परिजनों को सूचित किया तो पीड़ित के पिता ने सोच-समझकर व अपने परिवारजनों से बात करके शिकायत देने के लिए कहा। अगले दिन 8 अक्टूबर को पीड़ित के पिता ने पुलिस पुलिस चौकी सेक्टर-93, गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक लिखित शिकायत के माध्यम से बतलाया कि इसका बेटा विक्की उर्फ रोनी सेल्समैन की नौकरी करता है। कुछ महीने पहले विक्की उर्फ रोनी का सेल्समैन के काम को लेकर प्रिंस नामक लड़के के साथ झगड़ा हो गया था। उसी दिन से प्रिंस और उसके साथी इसके बेटे से रंजिश रखते थे और उसको जान से मारने की धमकी देते थे। 7 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे विक्की अपने दोस्त से मिलने गढ़ी (गुरुग्राम) गया था। समय रात करीब 10 बजे इसके बेटे के दोस्त ने इसको फोन कर बताया कि करीब डेढ़ घंटे पहले गढ़ी लेबर चौक (गुरुग्राम) पर एक सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी में 5/6 लड़के सवार होकर आए और मारपीट कर विक्की को जबरदस्ती गाड़ी में डालकर ले गए। इस शिकायत पर पुलिस थाना सेक्टर-10, केस दर्ज कर जांच शुरू की।

पुरानी रंजिश में कार का शीशा तोड़कर युवक से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पुरानी कहासुनी का बदला लेने के लिए चार युवकों द्वारा एक व्यक्ति की कार का शीशा तोडऩे व मारपीट करने के मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का शिकायतकर्ता से करीब 8-10 दिन पहले सेक्टर-14 की मार्केट में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत है। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 अक्तूबर की शाम करीब 7 से 8 बजे वह अपनी दोस्त के साथ सेक्टर-15 पार्ट-2 की मार्केट में गया था। वह अपनी कार में बैठा हुआ था, तभी कुछ युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने उसकी कार का शीशा तोड़ दिया और उसके साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को काबू किया। उनकी पहचान जतिन (32), जितेंद्र (29) और चेतन (25), निवासी गांव लहराना, जिला भिवानी, हाल निवासी ओल्ड डीएलएफ कॉलोनी, सेक्टर-14, गुरुग्राम तथा रोहित (25), निवासी राजीव नगर, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पुरानी कहासुनी को वारदात की वजह बताया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है और जांच जारी है।

पुलिस से मुठभेड़ करने वाले नशा तस्करों का चौथा आरोपी गिरफ्तार

-आरोपियों ने पुलिस टीम पर चलाई थी छह गोलियां

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-65 क्राइम के साथ हुई नशा तस्करों की मुठभेड़ मामले में पुलिस ने आरोपियों के चौथे साथी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कबीर पर मुठभेड़ में पकड़े गए तीनों आरोपियों को मादक पदार्थ उपलब्ध कराने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 136 ग्राम एमडीएमए, एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और एक खाली खोल बरामद किया था। मुठभेड़ के दौरान आरोपियों की गोली लगने से एक पुलिसकर्मी घायल हुआ था, जबकि जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार, नौ अक्तूबर को सेक्टर-65 क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि हथियारों से लैस तीन युवक लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने नंगली उमरपुर से सेक्टर-62 जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी कर जांच शुरू की। रात करीब 11 बजे बाइक पर आए तीन युवकों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे और पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। आरोपियों ने छह गोलियां चलाईं, जबकि पुलिस ने आत्मरक्षा में तीन गोलियां चलाईं। इस दौरान एक गोली पुलिस वाहन पर लगी और एक पुलिसकर्मी की बाजू में गोली लगी। जवाबी फायरिंग में मार्फत उर्फ मारू (32) और फूल बाबू शेख (26) के पैरों में गोली लगी। तीसरे आरोपी श्रीकुल शेख (37) को भी मौके से काबू कर लिया गया। तीनों पश्चिम बंगाल के निवासी हैं। पुलिस ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 11 अक्तूबर को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के आरोप में कबीर निवासी बाली, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल को भी सेक्टर-62 से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, फूल बाबू शेख के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के मामले में इनाम घोषित था। मार्फत पर चार, फूल बाबू पर दो और श्रीकुल पर एनडीपीएस एक्ट का एक मामला दर्ज है। मार्फत को 19 अक्तूबर तक पुलिस हिरासत रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर लगाए गंभीर आरोप

25 लाख रुपए मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप, पुलिस ने शिकायत के आधार पर शुरू की कार्रवाई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। फर्रुखनगर में 28 वर्षीय विवाहिता की मौत के बाद मायके पक्ष ने उसके पति और ससुराल के अन्य सदस्यों पर दहेज प्रताडऩा समेत गंभीर आरोप लगाए हैं। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि उनसे 25 लाख रुपए की मांग की जा रही थी। उन्होंने महिला की मौत को संदिग्ध बताते हुए पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस के अनुसार, शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

पिलखुवा के खेड़ा गांव निवासी अनिल शर्मा ने बताया कि उनकी बेटी भावना की शादी 16 दिसंबर 2023 को फर्रुखनगर निवासी गौतम शर्मा से हुई थी। उनके आरोप के अनुसार, शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की ओर से पैसों की मांग की जा रही थी। गौतम ने अपने भाई के खिलाफ छेड़छाड़ और हत्या से जुड़े मामले का हवाला देते हुए 25 लाख रुपए की जरूरत बताई थी। अनिल शर्मा का दावा है कि वह अब तक 2.5 लाख रुपए दे चुके हैं। भावना पिछले चार-पांच महीने से मायके में रह रही थी और हाल ही में ससुराल लौटी थी।

परिजनों के अनुसार, मंगलवार देर रात गौतम ने फोन कर भावना की मौत की सूचना दी। गुरुग्राम पहुंचने पर उन्हें ससुराल के घर पर ताला लगा मिला। बाद में पता चला कि भावना का शव सेक्टर-88ए स्थित अस्पताल में है। पिता ने आरोप लगाया कि बेटी के गले पर निशान थे और उन्हें उसकी मौत की परिस्थितियों पर संदेह है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परिवार का 10 महीने का बच्चा ससुराल पक्ष के पास है। अनिल शर्मा ने पति गौतम, ससुर बिजेंद्र, सास और देवर अंशु के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने गौतम की पिछली शादी को लेकर भी आरोप लगाए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। फर्रुखनगर थाना प्रभारी महावीर के अनुसार, मायके पक्ष की शिकायत प्राप्त हुई है। दहेज हत्या और प्रताडऩा से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है।

55 लाख रुपए की ठगी केस में तीन आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। निवेश पर ज्यादा मुनाफे का लालच देकर 55 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पहले गिरफ्तार हो चुके हरप्रीत से बैंक खाता लेकर कमीशन पर साइबर अपराधियों को दिया था। इसके बदले हरप्रीत को दो लाख रुपए दिए गए थे।

पुलिस के अनुसार, 31 अक्तूबर 2025 को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम वेस्ट थाना में शिकायत दी थी कि निवेश के नाम पर उससे करीब 55 लाख रुपए ठग लिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 अक्तूबर 2026 को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित लोनी निवासी अनस शेख उर्फ अली, मणिपुर के चंदेल जिले के मोरेह निवासी एल. माइकींगाकपा मैतेई उर्फ क्लोज और दक्षिण दिल्ली के शेख सराय निवासी क्षितिज मेहरा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि ठगी की रकम में से 4.30 लाख रुपए हरप्रीत के बैंक खाते में आए थे। हरप्रीत को इस मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोप है कि तीनों आरोपियों ने उससे बैंक खाता लेकर आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया और इसके बदले उसे दो लाख रुपए दिए। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और जांच जारी है।

ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 3,892 चालान, बिना नंबर प्लेट के 253 वाहन इंपाउंड

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस के साउथ जोन ने सितंबर में सख्त कार्रवाई की। एक महीने के दौरान 3,892 चालान किए गए और 253 वाहनों को इंपाउंड किया गया। बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों पर विशेष अभियान के तहत 362 चालान किए गए। पुलिस के अनुसार, एक से 30 सितंबर तक साउथ जोन के भोंडसी, बादशाहपुर, सेक्टर-65, सिटी सोहना और सदर सोहना थाना क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई। इसका उद्देश्य सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है।

सोहना में सबसे ज्यादा वाहन इंपाउंड: थाना-वार आंकड़ों के अनुसार, बादशाहपुर में सबसे अधिक 1,129 चालान किए गए, जबकि 40 वाहन इंपाउंड हुए और बिना नंबर प्लेट के 40 चालान किए गए। सेक्टर-65 में 1,025 चालान, 21 वाहन इंपाउंड और बिना नंबर प्लेट के 53 चालान हुए। सिटी सोहना में 944 चालान किए गए और 72 वाहन इंपाउंड हुए। यहां बिना नंबर प्लेट के 150 चालान किए गए। वहीं सदर सोहना थाना क्षेत्र में 438 चालान किए गए और 89 वाहन इंपाउंड हुए। भोंडसी में 356 चालान किए गए और 31 वाहन इंपाउंड हुए। दोनों थाना क्षेत्रों में बिना नंबर प्लेट के क्रमश: 89 और 30 चालान किए गए।

महिला सीआईएसएफ कर्मी का पीछा कर ड्यूटी पोस्ट से छीना मोबाइल, आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। इफको चौक मेट्रो स्टेशन पर तैनात महिला सीआईएसएफ कर्मी का पीछा कर उसे परेशान करने और ड्यूटी पोस्ट से जबरन मोबाइल फोन छीनने के आरोप में मेट्रो थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर महिला और उसके परिवार को धमकी देने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी छेड़छाड़ और गाड़ी तोड़ने के मामले में शामिल रहा है। पुलिस के मुताबिक, महिला सीआईएसएफ कर्मी ने शिकायत में बताया कि मनीष कुमार काफी समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। 26 सितंबर को वह इफको चौक मेट्रो स्टेशन स्थित उसकी ड्यूटी पोस्ट पर पहुंचा और जबरन मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। आरोप है कि वह महिला और उसके परिवार को धमकियां भी दे रहा था। शिकायत के आधार पर मेट्रो थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 13 अक्टूबर को गुरुग्राम से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान राजस्थान के करौली जिले के गांव बासिया गढ़, मढ़ौरा जमूरा निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम में पहले भी छेड़छाड़ और गाड़ी तोड़ने के मामले दर्ज हैं। फिलहाल मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है और जांच जारी है।

गुरुग्राम में बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप, दो नए मरीजों की पुष्टि

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में डेंगू के डंक का खतरा कम नहीं हो रहा है। बुधवार को जिला में डेंगू के दो मरीजों की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग की ओर से की गई, जबकि बुखार के संदिग्ध 117 मरीजों के सैंपल डेंगू की जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं जिला में अब तक डेंगू के 75 मरीजों की पहचान हुई है। जिला में इस साल डेंगू की तेजी जांच की जा रही है। अब तक गुरुग्राम में बुखार के 14271 मरीजों की डेंगू की जांच की जा चुकी है, जिनमें से मात्र 75 डेंगू के मरीज सामने आए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग डेंगू व मलेरिया समेत मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए लगातार शहर में फॉगिंग करा रहा है। लेकिन सबसे अधिक डेंगू के केस वजीराबाद पीएचसी क्षेत्र में मिले हैं। इसके अलावा बादशाहपुर व दौलताबाद क्षेत्र में भी डेंगू के मरीज सामने आए हैं। वहीं तीन दिन पहले हुई बारिश से एक बार फिर डेंगू के मरीज बढ़ने की संभावना है। शहर में जगह-जगह जलभराव हुआ है, जिनमें से कुछ स्थान ऐसे हैं, जहां से पानी की निकासी नहीं की गई है।

एटीएम से 87.86 लाख रुपए चोरी करने के मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। विभिन्न बैंकों के एटीएम में कैश लोडिंग के दौरान 87.86 लाख रुपए की नकदी चोरी करने के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आईजीआई एयरपोर्ट से काबू किया गया।

उसके कब्जे से 23,900 रुपए नकद और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, सीएमएस इन्फो सिस्टम्स लिमिटेड के प्रतिनिधि ने सेक्टर-29 थाने में शिकायत दी थी कि कंपनी के कर्मचारी विभिन्न बैंकों के एटीएम में नकदी लोड करने और नकदी सुरक्षित जमा कराने का काम करते हैं। चारखरपुर और चक्करपुर क्षेत्र के एटीएम की नकदी का मिलान और ऑडिट करने के दौरान गड़बड़ी सामने आई। जांच में एटीएम में दर्ज नकदी और वास्तविक उपलब्ध राशि में अंतर मिला। कुछ कैश कैसेट की सील भी बदली हुई पाई गई। जांच में कुल 87,86,500 रुपए की नकदी चोरी होने का पता चला। मामले में कार्रवाई करते हुए सेक्टर-29 थाना पुलिस ने 13 अक्तूबर को नवीन निवासी गांव कल्याणा, जिला चरखी दादरी को आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 23,900 रुपए और तीन मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में उसके खिलाफ रोहतक में छीना-झपटी का एक मामला भी दर्ज मिला है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है और जांच जारी है।

59.60 लाख की निवेश ठगी में बैंक खाता मुहैया कराने के दो आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। ज्यादा मुनाफे का लालच देकर निवेश के नाम पर 59.60 लाख रुपए की ठगी के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने साइबर ठगों को ठगी की रकम हासिल करने के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने में भूमिका निभाई। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम में से 90 हजार रुपए जिस खाते में आए, वह खाता एक आरोपी के नाम पर था और उसने इसे कमीशन पर दूसरे आरोपी को दिया था। पुलिस के अनुसार, 21 जून 2025 को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम साउथ थाना में शिकायत देकर बताया था कि निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे करीब 59.60 लाख रुपए ठग लिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और राजस्थान के नागौर निवासी दिलीप लोहिया और दशरथ को गिरफ्तार किया। दिलीप को 11 अक्तूबर और दशरथ को 13 अक्तूबर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि ठगी की रकम में से 90 हजार रुपए दिलीप के बैंक खाते में आए थे। आरोप है कि दिलीप ने यह खाता कमीशन लेकर दशरथ को उपलब्ध कराया था।

विधायक मुकेश शर्मा ने 7.27 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने आरडी सिटी गेट नंबर-2 से टेम्पो स्टैंड तक 7 करोड़ 27 लाख की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस विकास कार्य से क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम होने के साथ स्थानीय निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा ने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जाना। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी साझा की तथा आगामी कार्य योजनाओं पर भी चर्चा की। साथ ही, स्थानीय निवासियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

विधायक ने कहा कि गुरुग्राम के प्रत्येक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाना उनका संकल्प है। सड़क, जल निकासी और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को राहत पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय करने और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप योजनाएं बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में मेयर श्रीमती राजरानी मल्होत्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री तिलक राज मल्होत्रा, वार्ड 21 पार्षद सोनिया यादव और वजीराबाद मंडल अध्यक्ष श्री पवन यादव सहित हंसराज बोहरा, प्रताप, रामानंद, जगमोहन, राम कुमार, प्रदीप यादव, कुलदीप बोहरा, रमेश यादव, कुलदीप यादव, जगमाल, बिल्लू, जयपाल नंबरदार, राजकुमार, धीरज, हरवीर, हरबली और रमेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम वजीराबाद एवं सेक्टर-52 के निवासियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

नवरात्रि के नौ दिनों तक मां शीतला के दरबार में पदयात्रा कर रहे विधायक मुकेश शर्मा, युवाओं को दे रहे नशामुक्त जीवन का संदेश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने माँ शीतला के प्रति अपनी अटूट आस्था और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से नौ दिनों तक पदयात्रा करने का संकल्प लिया है। इसके तहत वे लगातार चार दिनों से प्रतिदिन विधायक आवास से ऐतिहासिक श्री शीतला माता मंदिर तक पदयात्रा कर माँ के चरणों में शीश नवा रहे हैं और समस्त गुरुग्रामवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

इस पदयात्रा का उद्देश्य केवल माँ शीतला के दर्शन करना ही नहीं, बल्कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी की प्रेरणा से अधिक से अधिक युवाओं को सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना और उन्हें नशे से दूर रहकर सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना भी है। विधायक श्री मुकेश शर्मा की इस पदयात्रा को प्रतिदिन लोगों का उत्साहपूर्ण समर्थन मिल रहा है। शुरुआत में सैकड़ों लोगों के साथ शुरू हुई यह यात्रा अब हजारों लोगों की सहभागिता तक पहुंच रही है। विभिन्न स्थानों पर स्थानीय निवासी, श्रद्धालु और युवा उनका स्वागत कर पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं। लोगों की बढ़ती भागीदारी इस पहल को आस्था के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का भी रूप दे रही है।

पदयात्रा के दौरान विधायक श्री मुकेश शर्मा अपनी टीम और क्षेत्रवासियों के साथ माँ शीतला के दरबार में पहुंचकर गुरुग्राम की निरंतर प्रगति, शहरवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सुख-शांति की प्रार्थना कर रहे हैं। उनका मानना है कि सनातन संस्कृति से जुड़ाव युवाओं में अच्छे संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विधायक श्री मुकेश शर्मा ने माँ शीतला के दरबार में आने वाले सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए गुरुग्राम की सुख-समृद्धि और निरंतर विकास की कामना की। उन्होंने कहा, "शारदीय नवरात्रि के दौरान श्री शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

डीजी सेट संचालन, ग्रैप नियमों और एसटीपी मानकों को लेकर एचएसपीसीबी ने किया जागरूक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

■ आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और फैसिलिटी मैनेजरों को प्रदूषण नियंत्रण उपायों के पालन की दी जानकारी

गुरुग्राम। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) की ओर से गुरुग्राम में आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और फैसिलिटी मैनेजरों के साथ जागरूकता एवं अनुपालन बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएक्यूएम के निर्देश संख्या 76, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के प्रावधानों तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के संचालन संबंधी मानकों पर जानकारी दी गई।

बैठक में असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कामेश ने बताया कि बिजली कटौती के दौरान निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले डीजल जनरेटर सेट का सामान्य घरेलू या व्यावसायिक बिजली आपूर्ति के लिए संचालन नहीं किया जाना चाहिए। जनरेटर सेट की निर्धारित क्षमता के अनुसार उनमें सीपीसीबी से अनुमोदित रेट्रोफिटेड एमिशन कंट्रोल डिवाइस (आरईसीडी) लगाना या उन्हें ड्यूल-फ्यूल मोड में परिवर्तित करना आवश्यक है। डीजी सेट का संचालन केवल लिफ्ट और आपातकालीन जल पंप जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुसार किया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि परिसरों में ग्रैप के प्रावधानों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके तहत धूल के फैलाव को नियंत्रित करने, खुले में कचरा या अन्य सामग्री जलाने पर रोक लगाने तथा निर्माण से निकलने वाले कचरे का उचित प्रबंधन करने पर ध्यान दिया गया। बैठक में एसटीपी के नियमित संचालन और रखरखाव के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। सभी परिसरों में एसटीपी को चौबीसों घंटे संचालित रखने तथा बिना उपचारित किए गए सीवेज को सार्वजनिक नालों में नहीं छोड़ने की आवश्यकता बताई गई। एसटीपी से उपचारित पानी का उपयोग बागवानी और शौचालयों में फ्लशिंग जैसे कार्यों के लिए करने की सलाह दी गई, ताकि पानी का पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

भारत निर्वाचन आयोग ने फार्म-7 आवेदन प्रस्तुत करने की संख्या निर्धारित की

फार्म-7 में झूठी घोषणा करने वालों पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों में नाम शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराने अथवा नाम हटाने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले फॉर्म-7 आवेदनों की संख्या निर्धारित की गई है।

आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा बिना ठोस आधार के बढ़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज कराने की प्रवृत्ति को रोकने तथा मतदाताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार, दावे एवं आपत्तियों की अवधि के दौरान एक मतदाता अधिकतम 10, फॉर्म-7 आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। वहीं, मतदाता सूचियों के निरंतर अहातन की अवधि के दौरान एक मतदाता द्वारा प्रति माह अधिकतम 5 फार्म -7 आवेदन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। ये सीमाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन, दोनो माध्यमो से प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदनों पर लागू होंगी। उन्होंने बताया कि निर्देशों में कहा गया है कि पंजीकरण निर्वाचक नियम, 1960 के नियम 13 (2) के अनुसार फॉर्म-7 आवेदन केवल वही व्यक्ति प्रस्तुत कर सकता है. जिसका नाम सबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज हो। आवेदन में सभी आवश्यक विवरण भरना तथा आपत्तिकर्ता द्वारा निर्धारित स्थान पर स्वयं हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। हस्ताक्षर की मुहर को मूल हस्ताक्षर का विकल्प नहीं माना जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ) को निर्देश दिए है कि वे फॉर्म-7 आवेदनों की जांच करते समय आवेदक की वास्तविकता एवं गतदाता सूची में उपलब्ध विवरणों का सत्यापन सुनिश्चित करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा पांच से अधिक मामलों में आपत्ति दर्ज कराई जाती है, तो संबंधित प्रावधानों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से सत्यापन किया जाना चाहिए।

दावे व आपत्तियों से संबंधित आवेदन, चाहे वे डाक द्वारा प्राप्त हुए हों या किसी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किए गए हों, सामुहिक रूप से (बल्क में) प्रस्तुत किए जाने पर किसी व्यक्ति द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नियमों के अनुसार, जहां आवश्यक हो, निर्वाचक पंजीयन अधिकारी आपत्तिकर्ता को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत सुनवाई करेंगे तथा प्रत्येक फॉर्म-7 आवेदन के संबंध में आपत्ति की वैधता की जांच करेंगे। जिस व्यक्ति के नाम पर आपत्ति की गई है. उसे भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाएगा। यदि कोई शिकायत झूठी या मनगढंत पाई जाती है और आवेदक ने जानबूझकर फॉर्म-7 में गलत बयान या घोषणा की है, तो उसके विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के प्रावधानों तहत कार्रवाई की जा सकती है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुग्राम के शिक्षण संस्थानों में पौधरोपण

स्वच्छता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां आयोजित

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुग्राम जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने तथा पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 में किया पौधरोपण: राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-14, गुरुग्राम में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लेते हुए पौधे लगाए। कार्यक्रम में लगभग 70 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के महत्व तथा पौधों की देखभाल के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान आयोजित: द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय, गुरुग्राम में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने तथा कचरे का उचित निपटान करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका के महत्व पर जोर दिया गया।

साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता पर भी दिया जोर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा और मजबूत पासवर्ड के महत्व के बारे में जानकारी देने पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि वे केवल विश्वसनीय स्रोतों से ही मोबाइल एप डाउनलोड करें और सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप या एसएमएस पर प्राप्त संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

संपत्ति कर बकायेदारों पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई, जोन-3 में पांच संपत्तियां सील

1.52 करोड़ का संपत्ति कर बकाया होने पर की गई कार्रवाई, बकायेदारों को समय पर कर जमा कराने की हिदायत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा संपत्ति कर की बकाया राशि की वसूली के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर निगम के जोन-3 की टीम ने संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले पांच बकायेदारों की संपत्तियों को सील किया। इन पांच संपत्तियों पर 1.52 करोड़ रुपए का संपत्ति कर बकाया है।

नगर निगम की टीम ने बकाया संपत्ति कर की वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की। सील की गई संपत्तियां सेक्टर-37बी, गाडौली खुर्द और सेक्टर-9बी क्षेत्रों में हैं।

समय पर संपत्ति कर जमा करने की हिदायत: नगर निगम गुरुग्राम द्वारा संपत्ति कर के बकायेदारों को हिदायत दी गई है कि वे अपना बकाया कर समय पर जमा कराएं। संपत्ति कर नगर निगम के राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जिससे शहर में विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलती है। नगर निगम का उद्देश्य बकाया कर की वसूली सुनिश्चित करने के साथ-साथ करदाताओं को समय पर भुगतान के प्रति जागरूक करना है। बकाया संपत्ति कर जमा नहीं कराने वाले मामलों में नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

यातायात पुलिस द्वारा 3,22,500 रुपए की जुर्माना राशि के 50 लंबित चालान पाए जाने पर मोटरसाइकिल को किया गया इंपाउंड

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत लंबे समय से लंबित चालानों का भुगतान न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही वाहन चालकों को उनके लंबित चालानों की जानकारी देकर समय पर भुगतान करने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

आज दिनांक 14.10.2026 को जोनल अधिकारी CRPF चौक, ASI संदीप द्वारा अपनी टीम के साथ नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल को रोककर उसके दस्तावेज दिखाने को कहा गया। परंतु चालक कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया तत्पश्चात जांच में पाया गया कि उक्त मोटरसाइकिल पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 50 चालान लंबित हैं, जिनकी कुल जुर्माना राशि 3,22,500 रुपये है। इनमें अधिकांश चालान बिना हेल्मेट, बिना पॉल्यूशन तथा बिना नंबर प्लेट सहित अन्य कुल 50 चालान लंबित पाए गए। लंबित चालानों के कारण नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को इंपाउंड कर निर्धारित पार्किंग में खड़ा कराया गया। गुरुग्राम यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे वैध बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजात अद्यतन रखें तथा लंबित चालानों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। यातायात नियमों का पालन आपकी एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

नेहरू स्टेडियम, गुरुग्राम में आयोजित हुई आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स की चयन प्रक्रिया

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। खेल महाकुंभ 2026 के अंतर्गत आज नेहरू स्टेडियम, गुरुग्राम में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स के पुरुष एवं महिला वर्ग की ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, तकनीकी कौशल एवं खेल प्रदर्शन का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के बाद राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में गुरुग्राम जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए कुल 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया।

इस अवसर पर उप निदेशक राम मेहर सिंह एवं जिला खेल अधिकारी आरती कोहली उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

ट्रायल के दौरान जिम्नास्टिक्स कोच नवीन सैनी (नेहरू स्टेडियम, गुरुग्राम), मनीष गौतम, राहुल शर्मा, गौरव शर्मा, अफजल, नरेंद्र, प्रियंका एवं आरती गुप्ता भी उपस्थित रहे। सभी कोचों ने चयन प्रक्रिया में सहयोग किया तथा खिलाड़ियों के प्रदर्शन का अवलोकन किया।

चयनित खिलाड़ियों की सूची

महिला वर्ग

1. आरना
2. प्रणवी
3. उत्सवी
4. शगुन
5. मिशिका यादव
6. आराध्या

पुरुष वर्ग

1. युधि शर्मा
2. रिधान सिंगल
3. अरिहान
4. विहान
5. धीरे सेनी
6. विराल

उप निदेशक राम मेहर सिंह, जिला खेल अधिकारी आरती कोहली एवं उपस्थित सभी जिम्नास्टिक्स कोचों ने चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2026 के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने, अनुशासन बनाए रखने तथा गुरुग्राम जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

खेल विभाग का उद्देश्य जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करना है।

सभी चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं आगामी राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए शुभकामनाएँ।

आरआरजेएस डीएवी पब्लिक स्कूल हैलीमंडी में रोटरी इंटरैक्ट क्लब का स्थापना समारोह आयोजित

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

पटौदी। आरआरजेएस डीएवी पब्लिक स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव प्रीमियर के सहयोग से रोटरी इंटरैक्ट क्लब का स्थापना समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने तथा समाज सेवा के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना जागृत करना रहा। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित इंटरैक्ट क्लब टीम के पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा गया और उन्हें सेवा, अनुशासन तथा सामुदायिक कल्याण के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई गई। समारोह में रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव प्रीमियर की अध्यक्षा सुश्री नेहा अभिनव बंसल, नव पीढ़ी समिति के सह-अध्यक्ष स्वर्णिक आर्य, स्वास्थ्य निदेशक डॉ. शिवम बंसल, सचिव यश पाहूजा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा कौशिक की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों और विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पहनाए पिन, दिलाई सेवा की शपथ

समारोह का मुख्य आकर्षण रोटरी इंटरैक्ट क्लब की नवनिर्वाचित टीम का पदग्रहण समारोह रहा। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पदाधिकारियों और विद्यालय की प्रधानाचार्या ने इंटरैक्ट क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों के प्रतीक के रूप में पिन पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, क्लब के अध्यक्ष को औपचारिक रूप से कॉलर पहनाया गया और पद एवं सेवा की शपथ दिलाई गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को नेतृत्व की जिम्मेदारी निभाने, सामूहिक रूप से कार्य करने और समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने का संदेश दिया गया। इंटरैक्ट क्लब विद्यार्थियों को विद्यालयी जीवन के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा, जिससे उनमें आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और संगठनात्मक कौशल विकसित हो सकेंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन कार्यक्रम में विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके अतिरिक्त ज्ञानवर्धक पॉडकास्ट और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने समारोह को आकर्षक और यादगार बना दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने सराहना की।

कार्यक्रम में कुछ अभिभावकों ने भी सहभागिता की

उनकी उपस्थिति ने विद्यालय, अभिभावकों और सामाजिक संस्थाओं के बीच सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने का अवसर मिला। 'स्वार्थ से ऊपर सेवा' के आदर्श पर चलने का आह्वान समारोह के दौरान रोटरी के प्रमुख आदर्श वाक्य 'स्वार्थ से ऊपर सेवा' को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को समझाया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करना ही नहीं, बल्कि संवेदनशील, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। उन्होंने नवनिर्वाचित इंटरैक्टर्स को करुणा, टीम वर्क, अनुशासन और सामुदायिक कल्याण की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, विद्यार्थियों को अपने आसपास की सामाजिक जरूरतों को समझने और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश दिया गया।

प्रधानाचार्या ने अतिथियों का जताया आभार

समारोह के समापन पर विद्यालय प्रबंधन और रोटरी क्लब की ओर से उपस्थित रोटेरियन सदस्यों, प्रधानाचार्या, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। प्रधानाचार्या निशा कौशिक ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की। विद्यालय में आयोजित यह स्थापना समारोह विद्यार्थियों को नेतृत्व और समाज सेवा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। इसके माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज के हित में करने और सेवा को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विधायक अनिल यादव ने जताया आभार

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

कोसली। विधायक अनिल यादव ने कोसली शहर के आसपास 150 एकड़ में बसी तीन कालोनियों को नियमित किए जाने पर आज संत कबीर कुटीर निवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए कोसली के विधायक अनिल यादव ने बताया कि पिछले काफी समय से यहां के हजारों निवासी इन कालोनियों को नियमित करने की सरकार से मांग करते आ रहे थे। उन्होंने इस प्रस्ताव को सरकार के पास भिजवाया, जिसे तत्काल प्रभाव से मंजूर करते हुए नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने नियमितीकरण का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि कोसली में नाहड़ रोड पर बसी पेट्रोल पंप कॉलोनी, भाकली-2 के आसपास बसी कॉलोनी तथा नठेड़ा रोड़ पर हैप्पी स्कूल के समीप बसी कॉलोनी को सरकार ने वैध घोषित किया है, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलाई जा रही जनहितैषी हरियाणा सरकार के आभारी हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी विधायक अनिल यादव को आश्वस्त किया कि कोसली हलके के लिए जो भी विकास योजना वे लेकर आएंगे, सरकार द्वारा उस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और हलके के विकास में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

सोहना में 41 करोड़ की लागत से बीस एकड़ भूमि में बनेगा कचरा निस्तारण वाला प्लांट

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर गांव बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट में कूड़े के पहाड़ के बढते ढेर को कम करने और कचरा निस्तारण क्षमता बढ़ाने के लिए नगरनिगम ने जहां बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है, वही फरीदाबाद व गुरूग्राम से बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट पर आने वाले कूड़े को भी प्लांट पर भेजना बंद करने का निर्णय लिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण और अहम बात यह है कि शिवनगरी सोहना शहर में गुरूग्राम से प्रतिदिन आने वाले 1500 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण करने के लिए 20 एकड़ भूमि चयनित की गई है। इस भूमि पर 41 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से कचरा निस्तारण प्लांट बनेगा। इस कचरा निस्तारण प्लांट में ग्लोबलसिटी जनपद गुरूग्राम का प्रतिदिन आने वाला 1500 मीट्रिक टन कूड़ा निस्तारण होगा। ध्यान देने वाली बात यह है कि गांव बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट में 10 दिन पहले तक 15.92 लाख मीट्रिक टन पुराना कूड़ा जमा था और वहां पर कूड़ा निस्तारण का टेंडर लेने वाली दोनों एजेंसियां 5.80 लाख मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण अब तक कर पाई है। अगले वर्ष के फरवरी महीने तक गांव बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट में जमा कूड़े के पहाड़ को पूरी तरह निस्तारण करने का लक्ष्य तय किया गया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि पिछले करीब 15 वर्षों से भी ज्यादा समय से गांव बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट पर कूड़े के लगातार बढ़ रहे पहाड़ को खत्म करने के लिए अब ताजा कूड़े को निस्तारण के लिए सोहना में बनाए जा रहे कचरा निस्तारण प्लांट पर भेजने का निर्णय लिया गया है। अहम बात यह है कि शिवनगरी सोहना शहर में गुरूग्राम का कूड़ा डालने के लिए जो जगह चिन्हित की गई है, उस पर पहले से ही सोहना क्षेत्र का प्रतिदिन निकलने वाला तीस मीट्रिक टन कूड़ा भेजा जा रहा है और इस जगह पर कूड़ा स्थल के साथ-साथ सडक़ के दोनों तरफ भी कूड़ा नजर आ रहा है लेकिन अब यहां पर कूड़े के निस्तारण का जिम्मा स्थानीय नगरपरिषद के हाथों से लेकर गुरूग्राम नगरनिगम ने खुद संभालने का निर्णय लिया है और यहां 20 एकड़ भूमि में प्रस्तावित कचरा निस्तारण प्लांट पर आने वाले कूड़े के ढेरों के लिए 41 करोड़ रुपए की लागत से चारदीवारी और बेस तैयार कर कूड़ा निस्तारण के लिए आधुनिक मशीनें लगाई जाएगी। जिसके टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रस्ताव को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता वाली हाईपावर वर्कस कमेटी को भेजा गया है। इस कमेटी की मंजूरी मिलते ही इस कार्य योजना पर तेजी से काम शुरू होगा। जानकारी लेने पर नगरनिगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह ने बताया कि गुरूग्राम से प्रतिदिन निकलने वाले 1500 मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण के लिए सोहना में बीस एकड़ भूमि पर 41 करोड़ की लागत से कूड़ा निस्तारण प्लांट बनेगा। गौरतलब यह है कि बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट में जमा कूड़े के निस्तारण और देरी को लेकर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण यानी एनजीटी नगरनिगम को कई बार फटकार लगा चुका है और इस मामले में एनजीटी में अगली सुनवाई 5 नवम्बर को होनी है। ऐसे में नगरनिगम ने ताजा कूड़े का निस्तारण सोहना में प्रस्तावित कचरा निस्तारण प्लांट पर करने का निर्णय लिया है तो वही एनजीटी गांव बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट में पुराने कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के लिए निर्धारित समय सीमा पर निगाह जमाए रहेगी।

एसआईआर के तहत मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी, आवेदनों का किया जा रहा समयबद्ध निपटान

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिला नूंह में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम हटाने तथा मतदाता विवरण में संशोधन करने से संबंधित आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए जिले में कुल 7,878 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 7,105 आवेदनों का निपटारा किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों पर कार्यवाही जारी है। इसी प्रकार, फॉर्म-7 के तहत मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 556 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। वहीं, मतदाता सूची में नाम, पते एवं अन्य विवरणों में संशोधन के लिए फॉर्म-8 के तहत कुल 5,890 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 5,589 आवेदनों का निपटारा किया जा चुका है तथा शेष पर कार्यवाही जारी है। उपायुक्त ने बताया कि मतदाता सूची में विसंगतियों, मैपिंग नहीं होने तथा नामों में अंतर जैसी समस्याओं के संबंध में जिले में कुल 1,80,088 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे। इन नोटिसों के संबंध में संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर सुनवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि नूंह विधानसभा क्षेत्र में 1,744 तथा फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में 1,787 नोटिसों के संबंध में सुनवाई की जा रही है। इन नोटिसों के आधार पर जिले में 547 मतदाताओं को अयोग्य पाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिलावासियों से अपील की कि जिन मतदाताओं को एसआईआर के तहत नोटिस जारी किए गए हैं, वे अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाएं तथा सुनवाई प्रक्रिया में सहयोग करें, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बनाए रखने और सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जा सके।

बागवानी खेती से किसानों की आमदनी में हो रहा इजाफा, किसानों को मिला अनुदान का लाभ : डॉ अब्दुल रज्जाक

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

नूंह। सेवा-सेतु संकल्प अभियान के तहत जिला नूंह में किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने के प्रयास रंग ला रहे हैं। बागवानी विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर जिले के किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ टमाटर और बैंगन जैसी सब्जियों की खेती से बेहतर मुनाफा अर्जित कर रहे हैं। विभागीय योजनाओं के अंतर्गत किसानों को मिलने वाला अनुदान खेती की लागत कम करने और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने में सहायक साबित हो रहा है। जिले के पांच किसानों की सफलता की कहानियां अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही हैं। उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी आय में वृद्धि करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध करवाना है। सेवा-सेतु संकल्प अभियान के माध्यम से किसानों को बागवानी विभाग की योजनाओं, अनुदान की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

टमाटर की खेती से हनीफ ने कमाया डेढ़ लाख रुपये का मुनाफा

गांव बढ़कालीमुद्दीन के किसान हनीफ ने एक एकड़ भूमि में टमाटर की खेती करके सफलता की मिसाल पेश की है। बागवानी विभाग की योजना के तहत उन्हें 30 हजार रुपये का अनुदान मिला। इस आर्थिक सहायता से उन्हें खेती में सहयोग मिला और टमाटर की फसल से लगभग एक लाख 50 हजार रुपये का मुनाफा अर्जित हुआ। हनीफ की सफलता दर्शाती है कि उचित फसल चयन और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

असरुद्दीन ने टमाटर की खेती से अर्जित किया 1.60 लाख रुपये का मुनाफा

गांव बढ़कालीमुद्दीन के किसान असरुद्दीन ने भी टमाटर की खेती को आमदनी का बेहतर माध्यम बनाया है। उन्हें बागवानी विभाग की ओर से 40 हजार 200 रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। टमाटर की खेती से उन्होंने लगभग एक लाख 60 हजार रुपये का मुनाफा अर्जित किया। उनकी सफलता अन्य किसानों को सब्जियों की खेती अपनाने और विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करती है।

लियाकत ने बागवानी खेती से कमाया दो लाख रुपये का मुनाफा

गांव बढ़कालीमुद्दीन के किसान लियाकत ने बागवानी खेती से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्हें विभाग की ओर से 65 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ और उन्होंने बागवानी फसलों से लगभग दो लाख रुपये का मुनाफा अर्जित किया। लियाकत की सफलता यह संदेश देती है कि सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाना किसानों के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित हो सकता है।

बैंगन की खेती से तालीम को मिला आर्थिक सहयोग

गांव कोटला के किसान तालीम ने बैंगन की खेती अपनाकर बागवानी क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाई है। बागवानी विभाग की ओर से उन्हें 37 हजार रुपये का अनुदान दिया गया।

नवरात्रि पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने माता मनसा देवी मंदिर पंचकूला, काली माता मंदिर कालका और चंडी माता मंदिर में किए दर्शन

ओपन सर्च/ ब्यूरो

पंचकूला। नवरात्रि के पावन अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को पंचकूला और कालका स्थित तीन प्रमुख देवी मंदिरों में पहुंचकर मां भगवती के चरणों में शीश नवाया और विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हुए प्रार्थना की कि मां भगवती का आशीर्वाद हरियाणा के प्रत्येक परिवार पर सदैव बना रहे।

बुधवार सुबह भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सबसे पहले कालका स्थित प्राचीन श्री काली माता मंदिर में हवन में आहुति अर्पित कर मां भगवती की आराधना की। इसके बाद उन्होंने पंचकूला के प्राचीन श्री चंडी माता मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने श्री माता मनसा देवी मंदिर में भी विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर डॉ. अर्चना गुप्ता ने कामना की कि मां भगवती की कृपा से हरियाणा में शांति, सद्भाव और खुशहाली बनी रहे तथा प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। इस दौरान भाजपा के पंचकूला जिलाध्यक्ष अजय मित्तल, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

30 पार की दुल्हन और 32 पार का दूल्हा-हम अपने ही बच्चों का घर क्यों नहीं बसने दे रहे?

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। 30 पार की दुल्हन और 32 पार का दूल्हा। हम अपने ही बच्चों का घर क्यों नहीं बसने दे रहे? मै उस दुर्लभ प्रजाति का संभवत: आखिरी इंसान हूं जोकि आज भी तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी ईमानदारी से और श्रमसाध्य सगाई संबध का प्रयास करता है। अन्यथा इस झंझट में आजकल कोई मध्यस्थता नहीं करते है। अपने आसपास में नजर घुमाइए। आपको 28, 30, 32, 35 साल की कई लड़कियां और लडक़े मिल जाएंगे, जो पढ़े-लिखे हैं, नौकरी कर रहे हैं, देखने में ठीक हैं, पर शादी नहीं हुई है क्यों? क्योंकि हमने शादी को शादी रहने ही नही दिया, हमने इसे एक डील बना दिया है। पहले रिश्ता होता था, अब इंटरव्यू होता है। पहले लडक़ी वाले पूछते थे कि लडक़ा कमाता है? नशा-पत्ता तो नही करता? परिवार कैसा है? आज लिस्ट बहुत लंबी है। लडक़े वालों के लिए लडक़ी कितनी गोरी है? उसकी सैलरी कितनी है? खाना बनाना आता है या नही पर नौकरी भी करनी चाहिए? ससुराल में रहेगी या अलग फ्लैट चाहिए? सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव तो नहीं? लडक़ी वालों के लिए लडक़े का अपना घर है? कितने बीएचके का? कार कौन सी है? साल का पैकेज कितना है? विदेश जाने का प्लान है? सास-ससुर साथ रहेंगे क्या? जमीन है? हम जीवनसाथी नहीं ढूंढ रहे, हम अमेजान पर प्रोडक्ट फिल्टर कर रहे हैं। हाइट इतनी हो, रंग ऐसा हो, पैकेज इतना हो, लोकेशन ये हो और जब फिल्टर इतने लगा दोगे तो रिजल्ट जीरो ही आएगा। एक अच्छा रिश्ता आया। लडक़ा सभ्य है, परिवार इज्जतदार है पर मन में लालच आया। इससे भी अच्छा मिल सकता है। उसे ठुकरा दिया। दूसरा आया, उसे भी ठुकरा दिया। थोड़ा और देख लेते हैं। इसी और देख लेते है में 3 से 4 साल निकल जाते हैं। जब तक आंख खुलती है, तब तक उम्र 31-32 हो चुकी होती है। अब जो रिश्ते आ रहे हैं, वे पहले से कमतर लगते हैं। घबराहट में फिर गलत फैसला हो जाता है या फिर इंतजार और लंबा हो जाता है। जिंदगी कोई सरकारी टेंडर नहीं है कि सबसे ऊंची बोली का इंतजार किया जाए। शादी एक समय पर लिया गया सही फैसला है। हम सब चाहते हैं कि हमारी बेटी राज करे, हमारा बेटा ऐश करे पर राज क्या केवल बड़े घर और बड़ी गाड़ी में होता है? एक बड़ा घर है, पर घर में रोज झगड़ा है तो वो घर है या जेल? एक छोटा घर है पर पति-पत्नी में प्यार है, एक-दूसरे की इज्जत है तो वही स्वर्ग है। आज पैसा है, कल और आ जाएगा पर एक अच्छा, जिम्मेदार, इज्जत करने वाला इंसान किस्मत से मिलता है। हमने किस्मत को लात मारकर पैसों के पीछे भागना शुरू कर दिया है और सच कहूं तो आज की लड़कियां खुद इतना कमा रही हैं कि उन्हें किसी के पैसे की जरूरत नहीं। उन्हें एक साथी की जरूरत है और लडक़ों को भी नौकरानी नही एक समझदार साथी की जरूरत है। उम्र किसी के लिए नहीं रुकती।

श्री धार्मिक लीला मंच पर भरत व केकई संवाद दिखाया गया : हरीश चन्द्र आज़ाद

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

फरीदाबाद। श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आज़ाद ने बताया कि कल रात मंचन में भरत मिलाप दिखाया गया. जिसमें प्रथम दृश्य में अयोध्या से दूत बने निखिल भरत को सन्देश देने आता है कि उनको अयोध्या में जल्दी बुलाया है फिर भरत व शत्रुघ्न अपने नाना बने रोहित खरबन्दा से आज्ञा लेकर अयोध्या के लिए चल पड़ते है. अगले दृश्य में भरत व शत्रुघ्न केकई से मिलते है और अयोध्या के बुरे हालात व इतनी जल्दी बुलाने का कारण पूछते है. भरत का किरदार निभा रहे सन्नी गुलाटी ने अपने अटूट अभिनय से दर्शकों तक को रोने पर मंज़बूर कर दिया तथा शत्रुघ्न का अभिनय कर रहे संचित ने मधुर आवाज़ से दर्शकों का दिल जीता तो वही केकई का किरदार निभा रही रिया खरबन्दा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों की खूब तालिया बटोरी. जब केकई भरत को बताती है कि महाराज दशरथ ने राम के वियोग में प्राण त्याग दिए और जब भरत ये जनता है कि माता केकई ने अपने दोनों वर में राम को बनवास और उनके लिए राज्य माँगा तो भरत माता केकई का त्याग करके वनो में प्रभू राम को लेने चल पड़ते है. अगले दृश्य में भरत को अयोध्या की सेना के साथ आता देकर लक्ष्मण बने वेदांश खरबन्दा क्रोधित होकर हथियार उठा लेता है लेकिन ज़ब भरत रोता हुआ भाग कर राम के पाऊं पड़ता है और राम को वापिस अयोध्या साथ लेजाने की ज़िद्द करता है लेकिन राम बने शिवम् बत्रा पिता के वचनों और मर्यादा के संस्कारो की बात कहकर भरत को समझाता है तो भरत उनकी खड़ाव लेकर अयोध्या जाते हुए गया है ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

जनसमस्याओं के समाधान में न हो देरी, जन सुविधाओं में सुधार पर फोकस : रेणु बाला गुप्ता

महापौर ने नगर निगम कार्यालय में नागरिकों से किया संवाद, अधिकांश समस्याओं का मौके पर कराया समाधान

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि जनसेवा का वास्तविक उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना, उनकी जरूरतों को समझना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। इस दिशा में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने ये विचार बुधवार को नगर निगम स्थित अपने कार्यालय में नागरिकों से संवाद में व्यक्त किए। महापौर ने उनकी विभिन्न समस्याओं और सुझावों को सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विषयों की जानकारी लेते हुए अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। वहीं, जिन मामलों में संबंधित विभागों की कार्रवाई अथवा अतिरिक्त प्रक्रिया की आवश्यकता थी, उनके शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करवाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। आमजन को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े, इसके लिए प्रभावी कार्यप्रणाली अपनाना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि नागरिकों की ओर से सामने आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें और निर्धारित समय में कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल में स्वच्छता, सफाई व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के समग्र विकास के लिए जरूरी है कि विकास कार्यों के साथ-साथ रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिक सुविधाओं से जुड़े विषयों में लापरवाही के बजाय जिम्मेदारी और तत्परता के साथ काम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में नागरिकों के सुझाव भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनभागीदारी से न केवल समस्याओं की सही पहचान होती है, बल्कि उनके व्यावहारिक समाधान तलाशने में भी मदद मिलती है।

इसलिए नागरिकों को अपनी समस्याएं और सुझाव संबंधित मंचों पर रखने चाहिए, वहीं नगर निगम का दायित्व है कि प्रत्येक उचित शिकायत पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई करे। जनभागीदारी से विकसित करनाल का संकल्प दोहराते हुए महापौर ने कहा कि करनाल को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित और विकसित शहर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। नगर निगम की प्राथमिकता है कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें और शहर की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार हो। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शहरवासियों के बीच बेहतर संवाद तथा समन्वय आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नागरिकों के सहयोग और सुझावों के साथ करनाल के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

खाद के साथ अन्य उत्पाद टैग करना गैरकानूनी : डॉ. चौहान

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

नीलोखेड़ी। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी में रेडियो ग्रामोदय 90.4 एफएम के माध्यम से 'राम राम हरियाणा' ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग पर रोक और किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि खाद खरीदते समय किसानों पर अन्य उत्पाद खरीदने का दबाव बनाना अनुचित है और खाद के साथ जबरन अन्य उत्पाद टैग करना गैरकानूनी है। संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को खाद एवं कृषि संबंधी उत्पादों की खरीद के दौरान अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। खाद के साथ अन्य उत्पाद खरीदने के लिए किसानों को बाध्य करना उनके हितों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार कृषि सामग्री उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि वे बिना किसी अनावश्यक दबाव के खेती संबंधी निर्णय ले सकें। उन्होंने इस प्रकार की समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने और किसानों की शिकायतों का उचित समाधान सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से कृषि विकास अधिकारी श्याम सिंह ने गेहूं की बिजाई, सरसों की खेती तथा आगामी फसल सीजन की तैयारियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने किसानों को खाद के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग से संबंधित नियमों और इस संबंध में सतर्क रहने के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि किसान कृषि सामग्री खरीदते समय पूरी जानकारी प्राप्त करें और यदि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है, तो संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत रखें। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद के वरिष्ठ सलाहकार गुरविंदर सिंह ने खाद के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए तथा किसानों को जागरूक करने, उनकी समस्याओं को सुनने और संबंधित नियमों के प्रति जानकारी उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया।

गन्नौर में 20 लाख से निखरेगा जीटी रोड फ्लाईओवर, सामाजिक संदेशों से सजेंगी दीवारें

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

गन्नौर। जीटी रोड फ्लाईओवर के नीचे अब खाली दीवारों की जगह सामाजिक संदेशों से सजी आकर्षक पेंटिंग नजर आएगी। नगरपालिका प्रशासन करीब 20 लाख रुपये की लागत से क्षेत्र का सौंदर्यीकरण करवाएगा। विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। पेंटिंग के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा उन्मूलन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। विधायक कादियान ने कहा कि स्वच्छ गन्नौर-स्वस्थ गन्नौर बनाना उनकी प्राथमिकता है। नवरात्र के दौरान शहर को सुंदर बनाने की दिशा में यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में वेलकम गेट, चौक-चौराहों और डिवाइडरों का भी सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीटी रोड फ्लाईओवर के नीचे सुलभ शौचालय बनाने की योजना पर काम चल रहा है और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। वहीं, शहर में बरसाती पानी की निकासी की समस्या दूर करने के लिए स्ट्रॉम वाटर पाइपलाइन बिछाने का काम भी तेजी से चल रहा है। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि पेंटिंग होने के बाद दीवारों पर पोस्टर या अन्य सामग्री लगाने वालों पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर पार्षद वरुण जैन, दिनेश अदलखा, विकास शर्मा, अजय सरोहा, शमशेर सैनी, ईश्वर कश्यप, अंकित मल्होत्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

साहस और शक्ति का प्रतीक हैं मां चंद्रघन्टा : पवन कौशिक

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

झज्जर। नवरात्रि के पावन पर्व पर सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर में 324 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने हनुमान जी और तीसरे स्वरूप मां चंद्र घन्टा की पूजा अर्चना कर मंगलमय जीवन की कामना की। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि शुद्धता का पावन पर्व नवरात्र श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। सात्विक भोजन और उपवास से शरीर स्वस्थ रहता हैं। मां चन्द्रघन्टा की आराधना से भक्तों को साहस और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती हैं। समिति के मनीष मेहता ने बताया कि कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, भारत भूषण नंदा, राजेंद्र वधवा, ताराचंद भूटानी, शिवम तनेजा, दीपक धीमान, आनन्द कुमार, केवल अरोड़ा, बंटी खत्री, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ, विशन वधवा, हिमांशी अरोड़ा, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, नीलम सुरेश गाबा, भावना काठपालिया, आशू बजाज, डिम्पल जितेंद्र वर्मा, सन्तोष हंस, सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर ताराचंद भूटानी ने बिगड़ी मेरी बना दे ए शेरों वाली मैया...राजेंद्र वधवा ने पूछते है राम हनुमत बता दीजिये किसने कहा था लंका जला दीजिये..योगेश रंजन ने तेरे दरबार में मैया खुशी मिलती है....भजन सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान बाबा चालीसा, हनुमान चालीसा, आरती के उपरांत हेमंत वर्मा ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर मन्दिर समिति के प्रधान सुधांशु हंस, वी के शर्मा, उपप्रधान पदम् खट्टर, प्रदीप काठपालिया, जगदीश रंजन, मनोहर लाल, वीरभान वर्मा, निखिल सलूजा, आरव वर्मा, गुरुप्रीत अरोड़ा, पारस जैसवाल, सक्षम, हेमन्त वर्मा, मनोहरलाल, जितेंद्र वर्मा, सुनील शर्मा, विकास नरुला सहित अन्य मौजूद रहे।

इंडियन कॉंक्रिट इंस्टीट्यूट और अल्ट्राटेक सीमेंट ने आउटस्टैंडिंग कंक्रीट टेक्नोलॉजिस्ट के अवॉर्ड से नवाजा

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

तरावड़ी। तरावड़ी की होनहार बेटी दिव्या शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत, निष्ठा और उत्कृष्ट कार्य के बल पर क्षेत्र व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।दिव्या शर्मा को इंडियन कॉंक्रिट इंस्टीट्यूट (ICI) और देश की अग्रणी सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा प्रतिष्ठित 'अल्ट्राटेक सीमेंट ने आउटस्टैंडिंग कंक्रीट टेक्नोलॉजिस्ट के अवॉर्ड से नवाजा गया है।यह राष्ट्रीय सम्मान कॉंक्रिट तकनीक और सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान, नवीन दृष्टिकोण और समर्पण को देखते हुए प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उनके वर्षों के कड़े परिश्रम, शोध और पेशेवर उत्कृष्टता का सशक्त प्रमाण है।इस उपलब्धि पर परिवार, शुभचिंतकों और समस्त तरावड़ी निवासियों में हर्ष की लहर है। दिव्या शर्मा की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है कि दृढ़ संकल्प और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।शुभचिंतकों व क्षेत्रवासियों ने दिव्या शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आशा व्यक्त की है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करती रहेंगी।

जन-कल्याण हित कार्यो में समर्पित संस्था जनकल्याण सेवा सोसायटी हुई सम्मानित

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

नीलोखेड़ी। संस्था जन कल्याण सेवा सोसायटी (रजि.) निलोखेडी शहर में अनेकों समाज हित कार्यो में हमेशा अग्रसर रहती हैं संस्था के प्रधान हरविन्दर मोहन शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था कहीं भी किसी भी प्रकार की सेवा हो उस के लिए हमेशा तत्पर रहती है चाहे वह सेवा शिवपुरी में हो, पौधा रौपण की हो, पर्यावर्ण की सुरक्षा के लिए हो, रक्तदान शिविर की हो, दुख: की घड़ी में असमर्थ परिवार की हो, अमरजैसी काल में रक्त की सेवा हो, शहर की सुख-समरिद्दी के लिए हवन, किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में जल और लंगर की सेवा हो, नेत्रदान की सेवा हो ऐसी और भी बहुत सेवाएं है जिसमें संस्था जन कल्याण सेवा सोसायटी हमेशा अग्रसर रहती हैं संस्था की समाज के प्रति इन सेवाओं और सच्ची निष्ठा व लग्न को देखते हुए श्री राम लीला कमेटी निलोखेडी ने संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों को श्री राम लीला आयोजन पर सप्रेम भेंट दे कर सम्मांनित किया गया और श्री राम लीला कमेटी के द्वारा समाज के प्रति संस्था के कार्यो की सराहना भी की गई ओर श्री राम लीला कमेटी ने भविष्य में संस्था के साथ खड़े रहने की बात कही मौके पर संस्था से सतीश जोशी, सुनील ढींगरा,सुनील कटारिया, राजीव कटारिया,शंकर कत्याल, ईश चोपड़ा, जयपाल देवगन, रजिंदर सिंह, प्रेम कुमार, कंवल जुनेजा, साहिल सरदाना, पियूष वधवा, पारस खुराना, सौनू वर्मा, मनोज पाहवा,रणजीत ग्रोवर, अशोक अहुजा व संस्था के मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा उपस्थित रहे।

जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए वर्मीकम्पोस्ट पर मिलेगी 80 प्रतिशत सब्सिडी, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को मिलेगा योजना का सीधा लाभः कृषि उपनिदेशक

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

करनाल। उप कृषि निदेशक डॉ. जसविंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वर्ष 2026-27 के बजट भाषण में एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसके तहत राज्य के किसानों को वर्मीकम्पोस्ट (जैविक खाद) की खरीद पर 80 प्रतिशत तक की भारी सब्सिडी प्रदान की जाएगी। रबी सीजन के लिए आवेदन और खरीद की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 तय की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता में सुधार करना, रासायनिक खादों पर निर्भरता को कम करना और पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र किसानों को मंजूरशुदा ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर (वर्मीकम्पोस्ट) खरीदने पर 80 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, एक किसान अधिकतम एक एकड़ भूमि के लिए ही इस वर्मीकम्पोस्ट सब्सिडी का लाभ ले सकता है। किसान जिले के किसी भी लाइसेंस प्राप्त फर्टिलाइजर डीलर से सरकार द्वारा स्वीकृत जैविक खाद खरीद सकते हैं। रबी सीजन के लिए आवेदन और खरीद की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 तय की गई है।

बेहतर समन्वय से जनहित के कार्यों में आएगी तेजी : रेणु बाला गुप्ता

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय में हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर जनसेवा, जनप्रतिनिधियों की भूमिका, प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और जनहित से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा हुई। विचार-विमर्श के दौरान जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने तथा आपसी समन्वय के माध्यम से जनहित के प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता जनता की समस्याओं को समझना, उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में सकारात्मक दृष्टिकोण, आपसी सहयोग और बेहतर तालमेल की अहम भूमिका होती है। विभिन्न विषयों पर संवाद के माध्यम से समस्याओं को समझने और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी प्रयास करने का अवसर मिलता है। जनप्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर देते हुए महापौर ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक सुविधाएं और लाभ पहुंचाना है। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए जागरूकता, सक्रिय भागीदारी और प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। जनप्रतिनिधि जनता और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी है कि वे जनसमस्याओं को गंभीरता से लें और उनके समाधान के लिए संबंधित स्तरों पर आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देने और जनता की जरूरतों के अनुरूप प्राथमिकताएं तय करने के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। जनहित से जुड़े विषयों पर नियमित संवाद से बेहतर कार्यप्रणाली विकसित करने और नागरिकों की अपेक्षाओं को समझने में मदद मिलती है। जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए किए गए प्रयासों से जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत होता है। वहीं, हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप ने महापौर रेणु बाला गुप्ता द्वारा किए गए स्वागत एवं अभिनंदन के लिए आभार व्यक्त किया।

चुलकाना धाम में तीन दिन में 69.80 लाख का चढ़ावा, तीसरे दिन मिले 24.30 लाख रुपए

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। चुलकाना धाम स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर में दान पात्रों की गिनती लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। तीसरे दिन 24 लाख 30 हजार रुपये नकद मिले। पहले दिन 18 लाख 90 हजार और दूसरे दिन 26 लाख 60 हजार रुपये प्राप्त हुए। इस प्रकार तीन दिनों में कुल 69 लाख 80 हजार रुपये की नकदी की गिनती हो चुकी है। तीसरे दिन दान पात्र नंबर-6 की गिनती पूरी करने के बाद दान पात्र नंबर-5 की गिनती शुरू की गई। मंदिर परिसर में करीब 25 दान पात्र हैं। समालखा बीडीपीओ कार्यालय से महिपाल, शहजाद और वंश की देखरेख में गिनती हुई। इंडियन बैंक की ओर से बिजेंद्र प्रजापत सहित बैंक स्टाफ मौजूद रहा। सरपंच सतीश छोक्कर ने बताया कि ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर धाम को श्राइन बोर्ड बनाया गया है। इसके बाद यह दूसरी बार है, जब ग्राम पंचायत की देखरेख में दान पात्रों की गिनती करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत धाम में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने देगी।

चुलकाना धाम का धार्मिक महत्व वीर बर्बरीक के शीश दान और चुनकट ऋषि से जुड़ा है। यहां हर महीने बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

महिला सशक्तिकरण के लिए हरियाणा सरकार की बड़ी पहल : ओमप्रकाश तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव सिलानी में रहने वाले जिलापरिषद के उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर ने बताया कि हरियाणा में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र आवेदक 5 नवंबर, 2026 तक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में दिए जाने वाले महत्वपूर्ण पुरस्कारों में 5 लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र और शॉल के साथ श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार, 1.50 लाख रुपये की राशि व प्रशस्ति पत्र के साथ इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, एक लाख रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार तथा एक लाख रुपये की राशि व प्रशस्ति पत्र के साथ बहन शन्नो देवी पंचायतीराज पुरस्कार शामिल हैं। जिलापरिषद के उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर ने बताया कि इसके अलावा सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं महिला उद्यमी श्रेणियों में भी विजेताओं को 21 हजार रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और शॉल प्रदान किए जाएंगे। उन्होने बताया कि जिला स्तर पर प्राप्त सभी आवेदनों की जांच जिला स्तरीय अनुशंसा समिति द्वारा की जाएगी। समिति द्वारा अनुशंसित पात्र मामलों का आवश्यक सत्यापन व पुलिस वेरिफिकेशन कराने के बाद निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों को मुख्यालय भेजा जाएगा। जिलापरिषद के उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर ने आमजन से आग्रह किया कि वे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली पात्र महिलाओं और संबंधित श्रेणियों के योग्य व्यक्तियों तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं तथा उन्हें समय-सीमा के भीतर आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही योजना से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) के कार्यालय से संपर्क कर किया जा सकता है।

रेल टिकटों में इंश्योरेंस अनिवार्य बनाना स्वागत योग्य : जजपा नेता दीपक डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): जजपा के हलका प्रधान चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया और अलीपुर ग्रामपंचायत की महिला सरपंच श्रीमती पूनम डागर ने भारतीय रेल विभाग द्वारा सुप्रीमकोर्ट के आदेश पर 27 अक्टूबर से देश में चल रही सभी रेलों में सफर करने वाले यात्रियों को दिए जाने वाले टिकट में इंश्योरेंस सेवा शामिल किए जाने पर खुशी जताते हुए जजपा की तरफ से सर्वोच्च न्यायालय का आभार जताया है। उन्होने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के दिए गए आदेशों के दृष्टिगत अब रेल की हर टिकट पर रेल यात्रा के साथ-साथ रेल प्लेटफार्म पर भी रेल टिकट में इंश्योरेंस अनिवार्य रूप से शामिल रहेगा। जजपा के हलका प्रधान चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया ने बताया कि अपने सांसद काल में जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने रेल यात्रियों के बीमा करवाने वाला प्रस्ताव वर्ष-2015 और वर्ष-2016 में रेल बजट पर कराई गई चर्चा में हिस्सा लेते हुए सरकार के सामने रखा था और उस वक्त सांसद रहे दुष्यंत चौटाला ने रेल यात्रियों की सुरक्षा और उनके मुआवजे लेकर इतनी गंभीरता दिखाई कि उन्होने सत्ताईस जून, 2016 को अपनी रखी गई मांगों को लागू कराने के लिए केन्द्रीय रेलमंत्री सुरेश प्रभु और देश भर के सांसदों को इस मुददे पर पत्र लिखकर अवगत कराया था और खुशी की बात यह है कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देश पर अब सरकार ने यह नियम बना दिया है।

घर-घर जलाए मिटटी के कच्चे दीए-स्वदेशी को दे बढ़ावा : पंडित अनिल कौशिक

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष पंडित अनिल कौशिक का कहना है कि देश से प्रेम करने वाले सभी लोगों को दीवाली पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीद कर प्रयोग में लाना चाहिए। उन्होने बताया कि उन्होने स्वेदशी को बढ़ावा देने के लिए कुम्हारों से मिटटी के बनाए गए 5 हजार दीए खरीद कर अपने आसपास क्षेत्र में निशुल्क रूप में उपलब्ध कराने शुरू कर दिए है ताकि हर घर में दीवाली के त्यौहार के पर मिटटी के दीए जलाकर घरों को रोशन किया जा सके और स्वदेशी को बढ़ावा मिले। लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष पंडित अनिल कौशिक ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों व आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीवाली पर सभी लोग स्वदेशी सामान खरीदने को तरजीह दे। उन्होने कहा कि हम सभी को स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे देश में रोजगार भी होता है और हम अपनी भारतीय संस्कृति से भी जोड़ते हैं। उन्होने कहा कि दीपावली आने वाली है। हमको चीन का समान नहीं खरीदना है। कोई भी पर्व हो राष्ट्रीय हो या धार्मिक परिवारिक पर्व हो। हमें अपने देश से निर्मित सामग्री का उपयोग करना है। उसी को खरीदना है इससे उद्योग जगत में विकास होगा । व्यापारी को लाभ मिलेगा और हमारा देश उन्नति करेगा।

फॉर्म-7 में झूठी घोषणा करने वालों पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई : निर्वाचन अधिकारी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन अधिकारी कम एसडीएम अखिलेश कुमार ने बुधवार को यहां पर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों में नाम शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराने अथवा नाम हटाने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले फॉर्म-7 आवेदनों की संख्या निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि चुनावआयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा बिना ठोस आधार के बढ़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज कराने की प्रवृत्ति को रोकने तथा मतदाताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। चुनावआयोग के निर्देशानुसार, दावे एवं आपत्तियों की अवधि के दौरान एक मतदाता अधिकतम 10, फॉर्म-7 आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। वहीं, मतदाता सूचियों के निरंतर अहातन की अवधि के दौरान एक मतदाता द्वारा प्रति माह अधिकतम 5 फार्म-7 आवेदन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। ये सीमाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन, दोनो माध्यमो से प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदनों पर लागू होंगी। सोहना विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन अधिकारी कम एसडीएम अखिलेश कुमार ने बताया कि चुनावआयोग की तरफ से जारी ताजा-ताजा निर्देशों में कहा गया है कि पंजीकरण निर्वाचक नियम, 1960 के नियम 13 (2) के अनुसार फॉर्म-7 आवेदन केवल वही व्यक्ति प्रस्तुत कर सकता है. जिसका नाम सबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज हो। आवेदन में सभी आवश्यक विवरण भरना तथा आपत्तिकर्ता द्वारा निर्धारित स्थान पर स्वयं हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। हस्ताक्षर की मुहर को मूल हस्ताक्षर का विकल्प नहीं माना जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ) को निर्देश दिए है कि वे फॉर्म-7 आवेदनों की जांच करते समय आवेदक की वास्तविकता एवं गतदाता सूची में उपलब्ध विवरणों का सत्यापन सुनिश्चित करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा पांच से अधिक मामलों में आपत्ति दर्ज कराई जाती है, तो संबंधित प्रावधानों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से सत्यापन किया जाना चाहिए। दावे व आपत्तियों से संबंधित आवेदन, चाहे वे डाक द्वारा प्राप्त हुए हों या किसी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किए गए हों, सामुहिक रूप से (बल्क में) प्रस्तुत किए जाने पर किसी व्यक्ति द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सोहना विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन अधिकारी कम एसडीएम अखिलेश कुमार ने बताया कि चुनावआयोग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार, जहां आवश्यक हो, निर्वाचक पंजीयन अधिकारी आपत्तिकर्ता को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत सुनवाई करेंगे तथा प्रत्येक फॉर्म-7 आवेदन के संबंध में आपत्ति की वैधता की जांच करेंगे। जिस व्यक्ति के नाम पर आपत्ति की गई है. उसे भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाएगा। यदि कोई शिकायत झूठी या मनगढंत पाई जाती है और आवेदक ने जानबूझकर फॉर्म-7 में गलत बयान या घोषणा की है, तो उसके विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के प्रावधानों तहत कार्रवाई की जा सकती है।

शिवनगरी में हलवाई से लेकर किरयाणा व्यापारी और देशी घी, खोया, पनीर बेचने वाले दुकानदार दुकान खुली छोड़कर भागे

सोहना में सीएम फ्लाईंग ने की छापेमारी-कुटू के आटे, बेशन, बर्फी और घी के भरे सैंपल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शारदीय नवरात्रों के दौरान कुटू का खुला आटा प्रयोग में लाने पर गाजियाबाद में 16 से ज्यादा लोगों के बीमार होकर अस्पताल पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री उडऩदस्ता और जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी की अगुवाई वाली छापामार टीम हरकत में आ गई है। मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की छापामार टीम आज इंस्पेक्टर सुनील कुमार और जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डाक्टर मनोज कुमार की अगुवाई में बाजार में आई और दो किरयाणा-परचून व्यापारियों के यहां छापेमारी कर कुटू के खुले बिक रहे आटे के साथ-साथ बेशन और 2 हलवाईयों में से एक की दुकान से प्लेन बर्फी तथा एक हलवाई की दुकान से 20 किलो के टीन में भरे घी में से घी का सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाए है। जिन किरयाणा व्यापारियों के यहां छापेमारी कर उपरोक्त सामग्री के सैंपल भरे गए है, उनमें एक किरयाणा कारोबारी अनाजमंडी में कारोबार चलाता है और किरयाणे का थोक व रिटेल में सामान बेचते का काम करता है तो दूसरा कारोबारी लेबर चौक से महाराजा अग्रसेन आवाजाही वाले सडक़ मार्ग पर परचून-किरयाणा सामान बेचने का कारोबार करता है। जिसके यहां से बेशन का सैंपल भरकर जांच के लिए लैब में भेजा गया है जबकि हलवाई की कई स्थानों पर चल रही दुकानों में से हलवाई की एक एक दुकान पर आकर प्लेन बर्फी का तो एक हलवाई की दुकान से 20 किलो के टीन में भरे घी में से घी का सैंपल भरा गया है। जैसे ही मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की छापामार टीम के शिवनगरी सोहना शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की सैंपल भरने वाली टीम के साथ आने की भनक यहां पर दूग्ध, देशी घी, पनीर और मिठाई बेचने वाले हलवाईयों के साथ-साथ किरयाणा व्यापारियों को लगी, किरयाणा का सामान बेचने वाले व्यापारियों के साथ-साथ दूग्ध, देशी घी, पनीर और मिठाई बेचने वाले हलवाईयों में हडक़ंप बन गया। कोई दुकानदार शटर गिराकर भागा तो कई दुकानदार अपनी दुकानों को यूं ही खुला छोडक़र भाग खड़े हुए। मुख्यमंत्री उडऩदस्ता तथा खाद्य सुरक्षा विभाग की सैंपल भरने वाली टीम ने सोहना शहर की अनाजमंडी में पहुंचकर थोक व रिटेल में किरयाणा का सामान बेचने वाले एक दुकान पर छापेमारी कर दुकान पर बेचे जा रहे कुटू के खुले आटे के सैंपल भरे तो शहर में महाराजा अग्रसेन आवाजाही वाले सडक़ मार्ग पर दुकान चलाने वाले एक किरयाणा-परचून कारोबारी की दुकान पर आकर हल्दी व मिर्च का सैंपल भरा तो सैम्पल भरने की भनक लगते ही हलवाई, देशी घी बेचने वाले विक्रेताओं के साथ-साथ दूग्ध, पनीर, खोया आदि सामान बेचने वाले दुकानदार भी अपनी दुकानों के शटर गिराकर दुकानों में ताला लगा भाग निकले। हालाकि सैम्पल भरने वाली टीम ने यहां पर देशी घी, पनीर, खोया, दूध और किरयाणा की और भी कई दुकानों तथा सरसो तेल निकालने वाले इस्पेलरों, आटाचक्कियों पर कई-कई चक्कर लगाए लेकिन दुकानों के शटर गिरे होने और दुकानों में ताला लगे होने की वजह से सैम्पल भरने वाली टीम चाहकर भी सैम्पल नही भर पाई। जिस पर सैम्पल भरने वाली टीम ने अब शहर में बिकने वाले मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के लिए त्यौहारों तक बार-बार छापेमारी कर दूग्ध, मावा, मिठाई, देशी घी, पनीर, चाकलेट, सरसो के तेल, मिर्च-मसालों का सैम्पल भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने का निर्णय लिया है और व्यापारी समुदाय को साफ शब्दों में कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप खाने-पीने का सामान बेचा जाए। हलवाईयों की दुकानों पर बिकने वाली मिठाईयों और खाद्य सामग्री पर निर्माण तिथि व उपयोग की अंतिम तिथि भी स्पष्ट रूप से दर्ज होनी चाहिए ताकि सामान खरीदने वाले उपभोक्ता रोजमर्रा उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, दूग्ध, घी, खोया, मिठाई, पनीर के बनने और उसके उपयोग की अवधि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। लोगों के बीच यह चर्चाएं भी सुनने को मिली कि मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीम को अनाजमंडी में सरसो का तेल बेचने वाले एक तेल मिल संचालक समेत कई दुकानों पर छापेमारी करनी थी लेकिन उपरोक्त दुकानों पर छापेमारी के दौरान ज्यादा समय लगने से अन्य दुकानों पर छापेमारी का कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीम शहर में दोबारा से आकर छापेमारी करेगी। गौरतलब यह है कि नवरात्रों के दौरान कुटू का खुला आटा प्रयोग में लाने पर गाजियाबाद में 16 से ज्यादा लोगों के बीमार होकर अस्पताल पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर खानपान की वस्तुओं में मिलावट को रोकने के लिए छापेमारी अभियान तेजी से चल रहा है। छापेमारी के दौरान विभिन्न दुकानों से खानपान की वस्तुओं के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे है। देखने वाली बात यह भी रही कि जब मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीम खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को साथ लेकर यहां किरयाणा व्यापारियों व हलवाईयों तथा देशी घी, पनीर, खोया, दुग्ध बेचने वाले विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी के लिए आई तो हलवाईयों और दूग्ध डेयरी संचालकों के साथ-साथ देशी घी, खोया पनीर बेचने वाले विक्रेताओं और किरयाणा व्यापारियों में हडक़ंप बन गया। कोई हलवाई और कोई दुकानदार शटर गिराकर भागा तो कई हलवाई और परचून का सामान बेचने वाले दुकानदार अपनी दुकानों को यूं ही खुला छोडक़र भाग खड़े हुए। ध्यान देने वाली बात यह है कि शिवनगरी सोहना के बाजार में आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते नकली बीडिय़ों, नकली बोतल बंद पानी, नकली सौन्दर्य प्रसाधन वस्तुओं के साथ-साथ खानपान की वस्तुओं में मिलावट के चलते लोगों के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है। नवरात्रों के चलते सोहना में जगह-जगह परचून की दुकानों पर सामकिया और कुटू का खुले रूप में आटा धडल्लेपूर्वक बिक रहा है। वही खोया से बनी रंग-बिरंगी मिठाइयां भी बिक रही है। इन मिठाईयों में तेज रंग डालकर शरीर को हानि पहुंचाने वाली मिठाइयों की भी बाजार में भरमार है। गौरतलब हो कि पहले भी नवरात्रों में कुटू का आटा सेवन करने से कई व्रतधारियों को अस्पताल पहुंचना पड़ा। बावजूद इसके आज भी सोहना के बाजार में कुटू का आटा व नकली और मिलावटी वस्तुओं की भरमार थमने का नाम नही ले रही है। बाजार में देशी घी विक्रेताओं और परचून की लगभग हर दुकान पर पूजा के घी के नाम पर जमकर नकली घी की बिक्री धडल्ले से हो रही है तो सरसो का मिलावटी खुला तेल भी जमकर बिक रहा है। इतना ही नही दैनिक रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुओं में भी मिलावट का जमकर बोलबाला नजर आ रहा है। साबुत व पिसी मिर्च में रंग तो दालों में पोलिश साफ नजर आ रही है तो देशी घी के नाम पर आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते मिलावटी घी भी जमकर बाजार में जगह-जगह बिक रहा है। व्रत रखने वाली कई महिलाओं रजनी चौहान, मनीषा आदि ने बताया कि कुटू का खुला आटा प्रयोग में लाने पर गाजियाबाद में 16 से ज्यादा लोगों के बीमार होकर अस्पताल पहुंचने की खबर उन्होने आज मीडिया में देखी। इससे पहले भी नवरात्रों के दौरान कुटू के आटे में शिकायत रही। इस मामले में वहां पर हालाकि प्रशासन ने जिलास्तरीय कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी लेकिन यहां ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में यहां पर बाजार में जगह-जगह आज भी काफी दुकानदार बेरोकटोक खुले रूप में सामकिया और कुटू का आटा खुला बेच रहे है। इसलिए इस बार के नवरात्रों में वह फलाहार का ही व्रत कर रही है क्योंकि उन्हे डर है कि कहीं इस बार भी कुटू का खराब आटा उनका स्वास्थ्य ना बिगाड़ दे। इस मामले में उपायुक्त उत्तम सिंह का ध्यान इस तरफ आकर्षित कर उन्होंने साफ-साफ कहा कि आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ हर्गिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। सैंपल भरने के अभियान को और तेज किया जाएगा ताकि खानपान की वस्तुओं में मिलावट और नकली सामान की बिक्री पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जा सके। उपायुक्त उत्तम सिंह ने मिठाई विक्रेताओं और खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों को सचेत करते हुए कहा कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में कमी या मिलावट किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई विक्रेता नागरिकों की सेहत से खिलवाड़ करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त उत्तम सिंह ने सभी खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ दुकानों में स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में बड़ी संख्या में लोग मिठाइयां और अन्य खाद्य सामग्री खरीदते हैं। ऐसे में नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मिठाई विक्रेता मांग के अनुसार ही मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ तैयार करें तथा उन्हें लंबे समय तक स्टोर करने से बचें। मिठाइयों के निर्माण के दौरान स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन किया जाए। उपायुक्त उत्तम सिंह ने दूध, मावा, मिठाई, ड्राई फ्रूट, चॉकलेट और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप मिठाइयों और खाद्य सामग्री पर निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम तिथि स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि उपभोक्ता खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपयोग की अवधि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। उपायुक्त उत्तम सिंह ने नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे मिठाइयां और अन्य खाद्य सामग्री खरीदते समय उनकी गुणवत्ता, निर्माण एवं समाप्ति तिथि तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखे : समाजसेवी वासदेव गिरोत्रा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। चल रहे शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में बुधवार को यहां पर दमदमा चौक के समीप स्थित एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल के बाहर जनसेवा श्रेणी के तहत मां भगवती की विधिवत रूप में पूजा अर्चना उपरान्त चलाए गए विशाल भंडारे का शुभारम्भ जाने-माने समाजसेवी वासदेव गिरोत्रा ने सर्वप्रथम कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर किया। इस मौके पर विभिन्न स्थानों से आए प्रमुख लोगों में एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा, डाक्टर सुनील तंवर, डाक्टर नरेश कुमार, खटानपुरी के गांव रिठौज से आए युवा गुर्जर नेता विपिन खटाना, जाट समाज से जुड़े युवा समाजसेवी सुनील ठाकरान, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशसचिव चौधरी कुलदीप गुर्जर, रोबिन कुमार, अंकित मेहरा, सोहना व्यापारमंडल संघ से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी नरेश सिंगला, सागर जोशी, भाजपा जिला कार्यकारिणी मैंबर गौरव चुघ, शिक्षा समिति उपचेयरमैन व अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा, बिजली व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े युवा समाजसेवी सन्नी पाहूजा, बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर, रंगमंच कलाकार विपिन मल्होत्रा, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, युवा अग्रवाल नेता सैंकी सिंगला, हर्ष गुप्ता एडवोकेट, गांव सिरसका से आए कर्मपाल बोकन, लक्ष्मी मोड से आए दीवान चंद सैनी, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओमप्रकाश सैनी, बिजलीनिगम एसडीओ कार्यालय से आए राहुल सैनी आदि प्रमुखजनों के अलावा आमंत्रित लोग खासी तादाद में मौजूद रहे। इस मौके पर भंडारे का शुभारंभ करने से पहले उपस्थितों के बीच धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जाने-माने समाजसेवी वासदेव गिरोत्रा ने कहा है कि 84 करोड़ योनि के बाद मनुष्य जीवन मिलता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सदैव सच्चाई के रास्ते पर चल परोपकार और सेवा की भावना दिल में रखनी चाहिए और प्रतिदिन प्रभु का स्मरण करना चाहिए क्योंकि प्रभु भक्ति में लीन इंसान का जीवन सफल होता है। उन्होंने अहंकार, ईर्ष्या, क्रोध, कड़वे बोल, बड़बोलेपन को इंसान का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए कहा कि परोपकार और सेवा भावना से इंसान में इंसानियत आती है। जीवन जीने का अदभुत आनंद आता है। भगवान की शरण में जाने से इंसान का जीवन अपने आप सुधर जाता है। समाजसेवी वासदेव गिरोत्रा ने मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए कहा कि संत-महात्माओं की संगति इंसान के जीवन को महान बनाती है। सच्ची श्रद्धा व भाव से किया गया दान ही जीवन में काम आता है। धार्मिक आस्था रखते हुए इंसान को आपस में प्रेम-प्यार, भाईचारा, मानवता की सीख देता है। इसलिए हमें उस प्रभु को कभी नही भूलना चाहिये। उसके दिखाए रास्ते पर चलते हुए हमें एक-दूसरे का आदर करना चाहिए। किसी का कोई भी कर्म हो, कोई भी क्षेत्र हो लेकिन उस सबसे पहले इंसान में इंसानियत जरूरी है और वो इंसानियत तभी संभव है, जब हम भगवान की शरण में जाए और अपने अंदर सदगुण बनाए।

राजपूत समाज ने राज्यपाल बनने पर डाक्टर सुधा यादव को दी बधाई : सतेन्द्र राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी में रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार की अगुवाई में क्षेत्र के राजपूतों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को कारगिल युद्ध के प्रथम शहीद डिप्टी कमांडेट सुखबीर सिंह यादव की वीरांगना तथा पूर्व लोकसभा सांसद डाक्टर सुधा यादव से मिला और उन्हे बुक्के देकर कर्नाटक का राज्यपाल बनाए जाने पर क्षेत्र, जिला व प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओ की तरफ से बधाई दी तथा भरोसा जताया कि उनके अनुभव, कुशल नेतृत्व व जनसेवा के प्रति समर्पण भावना की बदौलत कर्नाटक राज्य विकास की नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा।

शिवनगरी सोहना में उपासकों ने की मां कूष्माण्डा की उपासना-जगह-जगह मंदिरों में गूंज रहे माता के उदघोष

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर बुधवार को विभिन्न मंदिरों में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्माण्डा की उपासकों ने पूरे विधि-विधानपूर्वक पूजा अर्चना की। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों में आए उपासकों के लिए पूजा अर्चना हेतू विशेष इंतजाम किए गए। उपासकों के बीच बोलते हुए पंडित भगवतदयाल शर्मा ने बताया कि मां दुर्गा के चौथे स्वरूप को कूष्माण्डा देवी के नाम से जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जब सृष्टि का अस्तित्व नही था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार था, तब मां कूष्माण्डा ने ब्रहांड की रचना की थी। कूष्माण्डा मां ही सृष्टि की आदि और स्वरूपा शक्ति है। मां का निवास सूर्यमंडल के भीतर लोक में है। इनके शरीर की कांति और प्रभाव सूर्य के समान ही देदीप्यमान और भास्वर है। मां के तेज प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित होती है। मां की 8 भुजाएं होने से इनको अष्टभुजा देवी के नाम से भी जाना जाता है। मां के सात हाथों में कमंडल, धनुष-बाण, कमल पुष्प, अमृत कुंड कलश, चक्र तथा गदा है जबकि 8वें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। मां सिंह पर सवार रहती है। मां कूष्माण्डा की उपासना करने से उपासकों के रोग, शोक नष्ट हो जाते है और मां की भक्ति से आयु, यश, बल, आरोग्य में बढ़ोतरी होती है। मां भक्तों की सेवा से बहुत जल्द प्रसन्न हो जाती है।

राज्यपाल बनने पर पूर्व सांसद सुधा यादव को दी बधाई : भाजपा नेता जगदीश अंबावता

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। इस संसदीय क्षेत्र से सांसद रही डाक्टर सुधा यादव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म के कर्नाटक का राज्यपाल बनाए जाने पर बुधवार को भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मिला और उन्हे बुक्के देकर बधाई दी। इस मौके पर कर्नाटक की राज्यपाल बनाई गई डाक्टर सुधा यादव ने कहा कि विश्व में भारत और देश में हरियाणा राज्य ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। उन्होने कहा कि हमारे देश के लिए अच्छी बात यह है कि हमारे देश में एक ठेला रेहड़ी और रिक्शा चलाने वाले से लेकर सभी आड़े वक्त के लिए

छोटी-छोटी पूंजी एकत्रित कर बचत पर जोर देते है जबकि अमरीका जैसे देश में बचत पर जोर देने की बजाय कर्मचारी कई-कई महीनों की पगार अग्रिम रूप में लेकर खर्च कर देते है। हमारे देश में लोगों के बचत पर जोर देने से हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले मजबूत है। उन्होने कहा कि बचत एक अच्छी सोच है। प्रत्येक व्यक्ति व प्रत्येक परिवार को बचत पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल डाक्टर सुधा यादव ने इस बात पर भी खुशी जताई कि हमारे देश के लोगों में समाजसेवा की भावना अधिक है। हमारे देश में जब सामाजिक व रचनात्मक तथा नेक कार्य करने की बात आती है तो लोग जातपात, क्षेत्रवाद और पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर ऐसे कार्यों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेते है। अनेकता में एकता को प्रदर्शित करते है। यही वजह है कि हमारे देश में लोग सामाजिक कार्यों के लिए सरकार पर निर्भर रहने की बजाय संगठन बनाकर अच्छे व नेक कार्य करते हुए समाज को एक नई दिशा दिखाते है।

बुढ़ापा पेंशन को आय मानकर मेडिकल क्लेम नहीं रोक सकती राज्य सरकार : हेमराम खटाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना रिठौजिया ने राज्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार के कर्मचारियों के लिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत देने को लेकर लिए गए निर्णय का स्वागत किया है और इस बात पर खुशी जताई है कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों से राज्य में अब कर्मचारी अपने आश्रित माता-पिता के इलाज के खर्च के मेडिकल रीइंबर्समेंट को लेकर विभाग के चक्कर नहीं काटेंगे। उन्होने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इस मामले में जारी किए गए आदेशों में स्पष्ट कर दिया है कि माता-पिता की 3500 तक की मासिक आय या उन्हें मिलने वाले 3000 के बुढ़ापा सम्मान भत्ते के आधार पर मेडिकल क्लेम को खारिज नहीं किया जा सकता। गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना रिठौजिया ने अदालती निर्णय पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने उन सभी याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है, जिनमें सरकारी विभागों द्वारा आय का हवाला देकर मेडिकल बिल खारिज कर दिए गए थे और अब याचिकाकर्ताओं को न्याय की उम्मीद जगी है। उन्होने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के तीन फरवरी, 2025 के पत्र का जिक्र किया। इसमें साफ कहा गया था कि 3000 रुपएका बुढ़ापा सम्मान भत्ता केवल एक सामाजिक सुरक्षा पुरस्कारहै, इसे आय के दायरे में नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने माना कि विभाग द्वारा इस राशि के आधार पर क्लेम रिजेक्ट करना सरकार की अपनी नीति के खिलाफ है। गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना रिठौजिया ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इस मामले में कर्मचारियों को राहत देकर प्रदेश की मौजूदा सरकार को जोर का झटका धीरे से देने का काम किया है।

पेंशन निर्धारण, संशोधन और बकाया पेंशन से जुड़े मामलों में पेंशनभोगियों को दी गई सहायता : नितिन अग्रवाल एडवोकेट

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा, चंडीगढ़ कार्यालय तथा कोषाधिकारी कार्यालय, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में 12 और 13 अक्टूबर को पीडब्ल्यूडी बीएंडआर रेस्ट हाउस, गुरुग्राम में आयोजित दो दिवसीय पेंशन अदालत में 90 से अधिक पेंशनभोगियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। उन्होने बताया कि पेंशन अदालत की अध्यक्षता उप महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) अर्पित चौधरी ने की। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर कोषाधिकारी नैसी यादव भी मौजूद रही। प्रधान महालेखाकार कार्यालय की ओर से वरिष्ठ लेखाधिकारी मनोज कुमार मीणा, सहायक लेखाधिकारी विकेश, सहायक लेखाधिकारी अजय कुमार तथा लेखाकार मनिंदर ने पेंशनभोगियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। पेंशन अदालत में पेंशन निर्धारण, पेंशन संशोधन, बकाया पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित मामलों पर सुनवाई की गई। पेंशनभोगियों को उनके मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी देने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस पहल का उददेश्य पेंशनभोगियों को एक ही स्थान पर पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाना और लंबित मामलों में कार्रवाई को गति देना है। इससे पेंशन संबंधी सेवाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने और पेंशनभोगियों को समय पर सहायता उपलब्ध करवाने में मदद मिलती है।

पेंशन अदालत में 90 मामलों का हाथोंहाथ किया गया समाधान : देवरत्न यादव एडवोकेट

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना बार एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता देवरत्न यादव एडवोकेट ने बताया कि प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा, चंडीगढ़ कार्यालय तथा कोषाधिकारी कार्यालय, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में 12 और 13 अक्टूबर को पीडब्ल्यूडी बीएंडआर रेस्ट हाउस, गुरुग्राम में आयोजित दो दिवसीय पेंशन अदालत में 90 से अधिक पेंशनभोगियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। उन्होने बताया कि पेंशन अदालत की अध्यक्षता उप महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) अर्पित चौधरी ने की। सोहना बार एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता देवरत्न यादव एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर कोषाधिकारी नैसी यादव भी मौजूद रही। प्रधान महालेखाकार कार्यालय की ओर से वरिष्ठ लेखाधिकारी मनोज कुमार मीणा, सहायक लेखाधिकारी विकेश, सहायक लेखाधिकारी अजय कुमार तथा लेखाकार मनिंदर ने पेंशनभोगियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। पेंशन अदालत में पेंशन निर्धारण, पेंशन संशोधन, बकाया पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित मामलों पर सुनवाई की गई। पेंशनभोगियों को उनके मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी देने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस पहल का उददेश्य पेंशनभोगियों को एक ही स्थान पर पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाना और लंबित मामलों में कार्रवाई को गति देना है। इससे पेंशन संबंधी सेवाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने और पेंशनभोगियों को समय पर सहायता उपलब्ध करवाने में मदद मिलती है।

पेंशनभोगियों को पेंशन अदालतों से मिल रही राहत : देवदत्त शर्मा एडवोकेट

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट ने बताया कि प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा, चंडीगढ़ कार्यालय तथा कोषाधिकारी कार्यालय, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में 12 और 13 अक्टूबर को पीडब्ल्यूडी बीएंडआर रेस्ट हाउस, गुरुग्राम में आयोजित दो दिवसीय पेंशन अदालत में 90 से अधिक पेंशनभोगियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। उन्होने बताया कि पेंशन अदालत की अध्यक्षता उप महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) अर्पित चौधरी ने की। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर कोषाधिकारी नैसी यादव भी मौजूद रही। प्रधान महालेखाकार कार्यालय की ओर से वरिष्ठ लेखाधिकारी मनोज कुमार मीणा, सहायक लेखाधिकारी विकेश, सहायक लेखाधिकारी अजय कुमार तथा लेखाकार मनिंदर ने पेंशनभोगियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। पेंशन अदालत में पेंशन निर्धारण, पेंशन संशोधन, बकाया पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित मामलों पर सुनवाई की गई। पेंशनभोगियों को उनके मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी देने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस पहल का उददेश्य पेंशनभोगियों को एक ही स्थान पर पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाना और लंबित मामलों में कार्रवाई को गति देना है। इससे पेंशन संबंधी सेवाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने और पेंशनभोगियों को समय पर सहायता उपलब्ध करवाने में मदद मिलती है।

श्रीराम जी के वनवास गमन से दर्शकों की आंखें हुई नम-श्रद्धालुओं के नेत्रों से बही अश्रुधारा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर स्थानीय अनाजमंडी स्थित प्राचीन हनुमानबगीची मैदान में श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा आयोजित रामलीला में श्रीराम के विवाह के बाद अयोध्या लौटने के बाद राज्य अभिषेक की तैयारियों के बीच मंथरा द्वारा रचे षडयंत्र के तहत उनका वनवास गमन के प्रसंग का मंचन हुआ। श्रीराम के साथ माता सीता व भ्राता लक्ष्मण को जाते देखकर दर्शकों के नेत्र भर आए। इससे पहले महाराज दशरथ का जनकपुरी से अपने चारों बेटों व बहुओं के साथ अयोध्या लौटने पर स्वागत किया गया। पूरे राज्य में खुशियां मनाई जा रही थी। तीनों रानियां कौशल्या, सुमित्रा और कैकेई अपने बेटों और बहुओं को देख फूले नहीं समा रही थी। राजा दशरथ ने अब तय किया कि वे राजपाट से मुक्त होकर राजगददी पर परंपरा के अनुसार अपने बड़े बेटे राम को ही बैठाने का निश्चय लिया तो सभी ने इस पर सहमति जताई। इधर राजा की सबसे प्रिय रानी कैकेई की कुबड़ी दासी मंथरा के दिमाग में और ही कुछ चलता है। वह कैकेई को भडक़ाती है कि राम को राज्य मिल गया तो कौशल्या राजमाता कहलाएगी और तुम्हारा कोई महत्व ही नही रह जाएगा। राजा तुम्हे सबसे ज्यादा पसंद करते है तो तुम अपने बेटे भरत के लिए राजगददी क्यो नही मांगती। कैकेई भी बहकावे में आ जाती है और कोपभवन में बैठ जाती है। राजा दशरथ को जब इस बात का पता चलता है तो वे दौड़े-दौड़े जाते हैं। कैकेई से मुलाकात में, कैकेई पुराने वचनों की याद दिलाती है। कैकेई वचन मांगती है। भरत को राजा बनाने का और राम को चौदह वर्ष का वनवास। राजा दशरथ के तो प्राण निकल जाते हैं। वे कैकेई को मनाते है लेकिन वे मानती नही। राजा दुखी मन से यह बात सबको बताते है तो पूरे अयोध्या में मातम छा जाता है। इधर राम मां की आज्ञा का पालन मानकर वनवास जाने को तैयार हो जाते है। इस मौके पर राम का किरदार नीनू रोहिल्ला, लक्ष्मण का किरदार उमंग गर्ग, राजा दशरथ का किरदार कमलकिशोर सिंगला, रानी कौशल्या का पंडित टेकचंद, कैकेयी का किरदार मुकेश बिहारी, सुमित्रा का किरदार कपिल गर्ग, राजा इंद्र का किरदार मुदित बंसल, वरूण देव का किरदार उदय जिंदल, ऋषि वशिष्ठ का किरदार पंडित संजय वशिष्ठ, मंथरा का किरदार दीपक बंसल, मंत्री सुमंत का किरदार भारत बंसल, देवर्षि नारद का किरदार सोनू रोहिल्ला तथा दरबारियों का किरदार मितरसेन सैनी, दीपक बिंदल, बबली रोहिल्ला, अनिकेत गोयल, आदित्य गोयल ने निभाया। श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े गौरव सिंगला, आशीष गर्ग, हितेश गोयल, हरिओम सिंगला, पंडित संजय वशिष्ठ, संदीप सिंगला कालू, नगरपार्षद नीरज सिंगला आदि ने बताया कि रामलीला आयोजन स्थल पर रामलीला देखने आ रहे दर्शकों की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है। रामलीला में भारी भीड़ नजर आ रही है।

शिक्षण संस्थानों में पौधारोपण, स्वच्छता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां आयोजित : भाजपा नेत्री भारती हरसाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने तथा पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना ने बताया कि बुधवार को राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर चौदह गुरुग्राम में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लेते हुए पौधे लगाए। कार्यक्रम में लगभग 70 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के महत्व तथा पौधों की देखभाल के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होने बताया कि द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय, गुरुग्राम में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने तथा कचरे का उचित निपटान करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका के महत्व पर जोर दिया गया। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा और मजबूत पासवर्ड के महत्व के बारे में जानकारी देने पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि वे केवल विश्वसनीय स्रोतों से ही मोबाइल एप डाउनलोड करें और सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप या एसएमएस पर प्राप्त संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचे। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

दो दिवसीय पेंशन अदालत में 90 से अधिक पेंशनभोगियों की समस्याओं का मौके पर समाधान : मनीष सैनी एडवोकेट

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना बार एसोसिएशन से जुड़े युवा अधिवक्ता मनीष सैनी एडवोकेट ने बताया कि प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा, चंडीगढ़ कार्यालय तथा कोषाधिकारी कार्यालय, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में 12 और 13 अक्टूबर को पीडब्ल्यूडी बीएंडआर रेस्ट हाउस, गुरुग्राम में आयोजित दो दिवसीय पेंशन अदालत में 90 से अधिक पेंशनभोगियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। उन्होने बताया कि पेंशन अदालत की अध्यक्षता उप महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) अर्पित चौधरी ने की। सोहना बार एसोसिएशन से जुड़े युवा अधिवक्ता मनीष सैनी एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर कोषाधिकारी नैसी यादव भी मौजूद रही। प्रधान महालेखाकार कार्यालय की ओर से वरिष्ठ लेखाधिकारी मनोज कुमार मीणा, सहायक लेखाधिकारी विकेश, सहायक लेखाधिकारी अजय कुमार तथा लेखाकार मनिंदर ने पेंशनभोगियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। पेंशन अदालत में पेंशन निर्धारण, पेंशन संशोधन, बकाया पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित मामलों पर सुनवाई की गई। पेंशनभोगियों को उनके मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी देने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस पहल का उददेश्य पेंशनभोगियों को एक ही स्थान पर पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाना और लंबित मामलों में कार्रवाई को गति देना है। इससे पेंशन संबंधी सेवाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने और पेंशनभोगियों को समय पर सहायता उपलब्ध करवाने में मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के लिए एक सशक्त प्रयास : भाजपा नेता पंकज सिंगला

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। बुधवार को यहां पर सर्वसमाज की आयोजित की गई महिला संगोष्ठी में मौजूद महिलाओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा नेता और नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाए। उन्होने बताया कि सरकार की तरफ से इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति / टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि राज्य में चल रही इस योजना के तहत सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ी महिलाओं (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की शादी के लिए भी 41 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। भाजपा नेता और नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपनी बेटी के विवाह के बाद 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है। आवेदक पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

आओ चले वेदों की ओर ताकि प्राणियों में रहे सदभावना : भक्त जगन्नाथ गोदारा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर बाबा साईनाथ के भक्त और प्रेम कुटीर के संचालक भक्त जगन्नाथ गोदारा ने बताया कि वेद सम्पूर्ण धर्म के मूल हैं। भारतीय संस्कृति की महानता केवल उसके प्राचीन इतिहास में नही बल्कि उस अखंड ज्ञान-परंपरा में निहित है, जिसे हमारे ऋषियों, आचार्यों और तपस्वियों ने अपने जीवन की साधना बनाकर सहस्राब्दियों तक सुरक्षित रखा है। वेदों का अध्ययन केवल पुस्तकों का अध्ययन नहीं है। यह स्वर, मात्रा, उच्चारण, छंद, अनुशासन, एकाग्रता और गुरु-सेवा से जुड़ी ऐसी साधना है, जिसमें साधक को अपने जीवन का बड़ा भाग समर्पित करना पड़ता है। वेद की एक-एक मात्रा, एक-एक स्वर और एक-एक उच्चारण के पीछे पीढिय़ों की तपस्या और परंपरा का योगदान है। बाबा साईनाथ के भक्त और प्रेम कुटीर के संचालक भक्त जगन्नाथ गोदारा ने यहां पर गांव खेड़ला स्थित वैदिक योग सन्यास आश्रम सोमधाम में मौजूद आर्यजनों के बीच बोलते हुए बताया कि दंडक्रम पारायण और कंठस्थ वेदाध्ययन इसी अदभुत साधना के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। काशी की पावन भूमि पर, मां गंगा के तट पर, कंठस्थ शुक्ल यजुर्वेद दंडक्रम पारायण जैसे आयोजन भारतीय वैदिक परंपरा की जीवंतता का स्मरण कराते हैं। ऐसी साधना में निरंतर अभ्यास, असाधारण स्मरणशक्ति, स्वरशुद्धि, धैर्य और गुरुजनों के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज जब संसार तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से ज्ञान को सुरक्षित रखने के नए साधन विकसित कर रहा है, तब हमारे वैदिक आचार्यों और वेदपाठियों का जीवन हमें यह सिखाता है कि ज्ञान केवल संग्रह करने की वस्तु नही बल्कि साधना से आत्मसात करने वाली विद्या भी है। इस प्रसंग में वे. मू. शैलेन्द्र प्रभाकर काकड़े तथा उनके सुपुत्र वे. मू. अद्वैत एवं वे. मू. समर्थ काकड़े जैसे साधकों की वैदिक साधना विशेष चर्चा का विषय है। कम आयु में कठिन वैदिक अध्ययन और पारायण की दिशा में उनका समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। ऐसे साधकों के पीछे उनके माता-पिता का त्याग, गुरुजनों का मार्गदर्शन और वैदिक संस्थाओं का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बाबा साईनाथ के भक्त और प्रेम कुटीर के संचालक भक्त जगन्नाथ गोदारा ने कहा कि हमें यह भी समझना चाहिए कि किसी वैदिक उपलब्धि का सम्मान केवल आयु या कीर्तिमान के आधार पर नही बल्कि अध्ययन की प्रामाणिकता, परंपरा की शुद्धता, गुरु-शिष्य संबंध और साधना की गंभीरता के आधार पर भी होना चाहिए।

आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और फैसिलिटी मैनेजरों को प्रदूषण नियंत्रण उपायों के पालन की दी जानकारी : धर्मबीर डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) की ओर से गुरुग्राम में आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और फैसिलिटी मैनेजरों के साथ जागरूकता एवं अनुपालन बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएक्यूएम के निर्देश संख्या 76, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के प्रावधानों तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के संचालन संबंधी मानकों पर जानकारी दी गई। बैठक में असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कामेश ने बताया कि बिजली कटौती के दौरान निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले डीजल जनरेटर सेट का सामान्य घरेलू या व्यावसायिक बिजली आपूर्ति के लिए संचालन नहीं किया जाना चाहिए। जनरेटर सेट की निर्धारित क्षमता के अनुसार उनमें सीपीसीबी से अनुमोदित रेट्रोफिटेड एमिशन कंट्रोल डिवाइस (आरईसीडी) लगाना या उन्हें ड्यूल-फ्यूल मोड में परिवर्तित करना आवश्यक है। डीजी सेट का संचालन केवल लिफ्ट और आपातकालीन जल पंप जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुसार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि परिसरों में ग्रैप के प्रावधानों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके तहत धूल के फैलाव को नियंत्रित करने, खुले में कचरा या अन्य सामग्री जलाने पर रोक लगाने तथा निर्माण से निकलने वाले कचरे का उचित प्रबंधन करने पर ध्यान दिया गया। बैठक में एसटीपी के नियमित संचालन और रखरखाव के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। सभी परिसरों में एसटीपी को चौबीसों घंटे संचालित रखने तथा बिना उपचारित किए गए सीवेज को सार्वजनिक नालों में नहीं छोडऩे की आवश्यकता बताई गई।

मां दुर्गा पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में उमड़ रहा जनसैलाब

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर शहर में भीमबाग परिसर में आनंदोधारा कल्चरल एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही मां दुर्गा पूजा में प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जहां भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा मिल रहा है, वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परिवार समेत लोगों का उमड़ रहा जनसैलाब देखने लायक है। संस्था के अध्यक्ष समरजीत कुमार, महासचिव श्रीमती बीथिका राव और व्यवस्थापक राजीव झा तथा समाजसेवी कुंवर धर्मचंद सैनी ने बताया कि दुर्गा पूजा में सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि खुशी इस बात की है कि भीमबाग परिसर में आयोजित किए जा रहे दुर्गा पूजा महोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सोहना की एक दर्जन सोसायटियों और मिलेनियमसिटी के सदस्य भी हिस्सा ले रहे है। इसका मकसद उत्सव मनाने के साथ सबको साथ लेकर चलने का संदेश भी देना है। उन्होने बताया कि सोहना स्थित एल्डिको सोसायटी में भी आनंदोधारा कल्चरल एसोसिएशन की दुर्गा पूजा उत्सव हो रहा है। सोसायटी की महासचिव बीथिका राव ने बताया कि यहां दुर्गा पूजा पंडाल में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश दिया जा रहा है। पंडाल के निर्माण और सजावट में परम्परा और आधुनिकता का संगम देखने को मिल रहा है। वेन्यू की डिजाइन गोपालकृष्ण मलिक ने तैयार की है। सिद्धि विनायक मंदिर और भीम बाग का संयोजन पंडाल में नजर आएगा।

क्षेत्र के उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कप्तान से मिला : डाक्टर रतनपाल खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना की अगुवाई में बुधवार को क्षेत्र के उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल आईपीएस अधिकारी और पुलिस कप्तान डाक्टर अर्पित जैन से मिला और उन्हे कानून व्यवस्था को और मजबूती के साथ सुदृढ़ बनाने के लिए एक नई बोलेरो गाडी पुलिस थाना कार्यों के लिए उपहार में देने के साथ-साथ बुक्के देते हुए उद्यमियों के समक्ष आ रही दिक्कतों व समस्याओं से भी अवगत कराया। पुलिस कप्तान डाक्टर अर्पित जैन ने उद्यमियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर जल्द ही उनकी समस्याओं के निवारण का भरोसा दिया। इस मौके पर बोलते हुए आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने बताया कि चालू वर्ष में अभी साल भी पूरा नही हुआ है कि उनकी एसोसिएशन की तरफ से पुलिस विभाग को 3 नई बोलेरो गाडिय़ां उपहारस्वरूप उपलब्ध कराई गई है।

इतने साल बाद भी नहीं गया सोनाली बेंद्रे का डांस का डर, कहा-पता नहीं हम्मा-हम्मा कैसे कर लिया

अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे हाल ही में माधुरी दीक्षित के शो क्विज रियलिटी शो 'कौन होणार करोड़पती' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के तौर पर गई थीं। इस एपिसोड में उन्होंने अपने डांस फियर को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। सोनाली ने बताया कि इतने साल इंडस्ट्री में रहने के बाद भी उन्हें आज भी डांस करने से डर लगता है। शो में बातचीत के दौरान माधुरी दीक्षित ने सोनाली बेंद्रे के सुपरहिट गाने 'हम्मा हम्मा' में उनके डांस की तारीफ की। इस पर सोनाली हंसते हुए कहती हैं, 'देखो कौन कह रहा है। मेरी 'कौन होणार करोड़पती' की टीम से गुजारिश है कि कृपया वे मुझे ये क्लिप भेज दें, जिसमें माधुरी जी मेरे डांस की तारीफ कर रही हैं।' माधुरी ने सोनाली से पूछा, 'तुम्हें डांस से डर लगता था न? मैंने सुना है तुम्हें इसको लेकर बुरे सपने भी आते थे। तो तुमने इस डर को कैसे दूर किया?' इस पर सोनाली ने जवाब दिया, 'मैं आज भी इस डर से बाहर नहीं निकल पाई हूं। मैंने डांस करना ही छोड़ दिया।' माधुरी ने सोनाली से कहा, 'लेकिन तुमने तो 'हम्मा हम्मा' गाने में अच्छा डांस किया था' तो सोनाली कहती हैं, पता नहीं मैंने वो कैसे कर लिया।' इस पर माधुरी ने कहा, तुमने तो इस गाने पर कमाल का डांस किया था। सोनाली बेंद्रे का गाना 'हम्मा हम्मा' साल 1995 में आई सुपरहिट फिल्म 'बॉम्बे' में फिल्माया गया था। इस आइकॉनिक गाने को रेमो फर्नांडीस और स्वर्णलता ने गाया था जबकि ए.आर. रहमान ने कंपोज किया था। इस गाने में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने एक विशेष कैमियो किया था, जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई थी। उनके साथ गाने में नागेंद्र प्रसाद (प्रभु देवा के भाई) भी नजर आए थे। सोनाली बेंद्रे ने 'बॉम्बे' के 'हम्मा हम्मा' में अपनी यादगार परफॉर्मेंस के अलावा, कई और पॉपुलर म्यूजिकल नंबर्स में भी काम किया है, जिसमें आइकॉनिक मराठी फिल्म 'आगा बाई अरेच्चा' का 'चम चम करता' भी शामिल है। उनका डांस और गाना दो दशक बाद भी फैंस के बीच बहुत पॉपुलर है। (एजेंसी)

'दीदी तेरा देवर दीवाना' के इस सीन से घबराए थे मेकर्स, माधुरी दीक्षित ने सुनाया 30 साल पुराना किस्सा

माधुरी दीक्षित की फिल्म 'हम आपके हैं कौन..!' बॉलीवुड की उन फिल्मों में शामिल है, जिनके गाने और सीन आज भी दर्शकों को याद हैं। साल 1994 में रिलीज हुई इस फिल्म में माधुरी और सलमान खान की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। फिल्म का गाना 'दीदी तेरा देवर दीवाना' भी काफी हिट हुआ था। इस गाने में माधुरी का अंदाज और उनके कई सीन आज भी लोगों के बीच चर्चा में रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस गाने के एक खास सीन को शूट करने में टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी? दरअसल, फूल और गुलेल वाले इस सीन को सही तरीके से फिल्माने के लिए करीब 10 से 15 रीटेक लेने पड़े थे। फिल्म के मेकर्स को शुरुआत में यह भी चिंता थी कि कहीं यह सीन पर्दे पर अजीब न लगे। हाल ही में माधुरी दीक्षित ने मराठी रियलिटी शो 'कोण होणार करोड़पति' में फिल्म से जुड़ा यह दिलचस्प किस्सा सुनाया। शो के दौरान हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट प्राजक्ता तावड़े ने एक्ट्रेस को खास सरप्राइज दिया। प्राजक्ता कथक डांसर हैं और वह फिल्म 'हम आपके हैं कौन...!' में माधुरी के एक आइकॉनिक लुक में नजर आईं। उनके इस अंदाज को देखकर माधुरी को फिल्म की शूटिंग के पुराने दिन याद आ गए। इसके बाद उन्होंने गाने 'दीदी तेरा

देवर दीवाना' के फूल और गुलेल वाले सीन के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पर्दे पर यह सीन भले ही आसान और मजेदार नजर आता हो, लेकिन इसकी शूटिंग के दौरान कई मुश्किलें आई थीं। माधुरी ने कहा, 'इस सीन को सही तरीके से शूट करने में हमें करीब 10 से 15 रीटेक लगे थे। कभी हमारा निशान चूक जाता था, कभी फूल टूट जाता था और कभी वह गुलेल से निकलकर दूर उड़ जाता था।' एक्ट्रेस ने कहा, 'मेकर्स इस सीन को लेकर काफी परेशान थे। वे सोच रहे थे कि कहीं यह खराब तो नहीं लगेगा या दर्शकों को अजीब तो नहीं लगेगा। कोरियोग्राफर्स और मैंने उन्हें समझाया कि यह कैमरे के एंगल पर निर्भर करता है और देखने में बहुत प्यारा लगेगा। हमने उन्हें भरोसा दिलाया कि हम इस सीन को क्यूट तरीके से शूट करेंगे। आखिरकार सीन शूट हुआ और वह बहुत खूबसूरत बना।' बता दें कि सूरज आर. बड़जात्या के निर्देशन में बनी 'हम आपके हैं कौन...' साल 1994 में रिलीज हुई थी। फिल्म में माधुरी दीक्षित और सलमान खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। परिवार, प्यार और रिश्तों पर बनी इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला और समय के साथ यह कल्ट क्लासिक बन गई। (एजेंसी)

वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे के मौके पर संदीपा धर ने अपने व्यक्तित्व को संवारने में शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका को बताया अहम

मुंबई वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे के मौके पर अभिनेत्री संदीपा धर ने अपनी जिंदगी में शिक्षा की अहमियत पर बात की और बताया कि किस तरह शिक्षा, उनके माता-पिता और शिक्षकों ने उनके व्यक्तित्व और सोच को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने सफर को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, उसमें उनकी शिक्षा का बड़ा योगदान है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी कॉमेडी सीरीज चुंबक को मिल रहे प्यार पर भी खुशी जाहिर की और बताया कि कैसे इस शो ने उन्हें एक नए अंदाज में दर्शकों के सामने आने का मौका दिया। अपनी जिंदगी में शिक्षा की भूमिका पर बात करते हुए संदीपा ने कहा, मुझे लगता है कि आज मैं जो भी हूं, उसमें शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है। मेरे माता-पिता ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि मुझे अच्छी शिक्षा मिले। यहां तक कि जब मैं अभिनेत्री बनना चाहती थी, तब भी उन्होंने मुझसे कहा कि पहले अपनी मास्टर डिग्री पूरी करो और फिर जो करना है, वह करो। मुझे लगता है कि यह माता-पिता की बहुत आम प्रतिक्रिया होती है! अभिनेत्री ने आगे अपने टीचर्स के साथ स्कूल और कॉलेज के योगदान को भी स्वीकार किया, जिन्होंने उनकी सोच और व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाई। सेंट जेवियर्स और जमनालाल बजाज में बिताए अपने समय को याद करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतिभाशाली प्रोफेसरों से सीखना और पढ़े-लिखे लोगों के बीच रहना उनके लिए सौभाग्य की बात थी। उनके मुताबिक, शिक्षा सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह इंसान के नजरिए, विचारों और व्यक्तित्व को भी आकार देती है। संदीपा का मानना है कि उनके माता-पिता ने उन्हें अच्छी शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही अपने सपनों को पूरा करने का रास्ता भी दिया। अभिनेत्री के सफर से यह बात सामने आती है कि शिक्षा और अपने जुनून को साथ लेकर चलना किस तरह किसी व्यक्ति के जीवन को एक नई दिशा दे सकता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो संदीपा इन दिनों अपनी कॉमेडी सीरीज चुंबक को मिल रहे प्यार का आनंद ले रही हैं, जिसमें वह किरण केजरीवाल की भूमिका निभा रही हैं। इससे पहले भावनात्मक रूप से गहरी भूमिकाएं निभा चुकीं अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि उनकी कॉमेडी पर दर्शकों की प्रतिक्रिया उनके लिए सुखद आश्चर्य रही है। उन्होंने कहा, मैंने पहले भावनात्मक रूप से गहरी भूमिकाएं निभाई हैं और लोगों ने चुंबक और मेरे किरदार किरण केजरीवाल को बहुत प्यार दिया है। मुझे नहीं पता कि इसमें उनके सरनेम का कोई योगदान था या फिर किरदार की वजह से ऐसा हुआ। (एजेंसी)

महिलाएं सदियों से साहसी और संघर्षशील रही हैं : महिला सशक्तिकरण और रूढ़ियों को तोड़ने पर कुब्रा सैत की बेबाक राय

मुंबई अपनी बेबाक राय और बेझिझक अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में एक कार्यक्रम में महिलाओं की आवाज बनने के लिए सम्मानित किए जाने पर महिला सशक्तिकरण को लेकर अपनी बात रखी। महिलाओं की ताकत और उनके संघर्ष करने की क्षमता को सिखाने की जरूरत वाली सोच पर सवाल उठाते हुए अभिनेत्री ने सशक्तिकरण और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने की आजादी को लेकर एक नया नजरिया पेश किया है। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कुब्रा सैत ने कहा, ऐसे किसी भी मंच से जुड़ना, जो महिलाओं का प्रतिनिधित्व करता है, मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। और ऐसा इसलिए नहीं है कि आज हालात बहुत खराब हैं और महिलाओं को मदद की जरूरत है। मेरा मानना है कि महिलाएं सदियों से साहसी और संघर्षशील रही हैं। अगर कुछ है, तो वह यह कि हमने हमेशा अपने हक और अपनी इच्छाओं के लिए लड़ाई लड़ी है। यह दर्ज किया गया हो या नहीं, लेकिन कहीं न कहीं हम यह मानने लगे हैं कि यह पुरुषों की दुनिया रही है। हालांकि आपके पिछले पैनल में भी देखा कि किस तरह पुरुषों ने हमें वह महिला बनने का अवसर दिया, जो हम बनना चाहते हैं। और खासकर जब यह बात राजनीतिक स्तर पर कही जाती है, तो इसे सुनना बहुत अच्छा लगता है। रही मेरी बात तो मैं यही कहना चाहूंगी कि महिलाओं के सशक्तिकरण की आवाज बनने के लिए सम्मानित होना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। (एजेंसी)

भारत-कनाडा के बीच व्यापार समझौते पर तेज हुई बातचीत, साल के अंत तक डील फाइनल करने के प्रयास

ओटावा (एजेंसी)

ओटावा में वार्ता के पांचवें दौर के बाद कनाडा और भारत ने एक व्यापक व्यापार समझौते के लिए बातचीत तेज की है। दोनों देशों के मंत्री प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं, ताकि साल के अंत से पहले एक समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने इस सप्ताह नई दिल्ली में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की।

यह बैठक भारत में टीम कनाडा व्यापार मिशन के दौरान हुई, जिसके तहत एक बड़ा कनाडाई व्यापार प्रतिनिधिमंडल निवेश के अवसरों और वाणिज्यिक साझेदारियों का पता लगाने के लिए मुंबई और बेंगलुरु आया है।

कनाडाई सरकार के अनुसार, मंत्रियों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए चल रही बातचीत पर चर्चा की। यह बातचीत ओटावा में 5 से 9 अक्टूबर तक हुए पांचवें दौर की बातचीत को आगे बढ़ाने के मकसद से की गई। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने कहा, 'दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं।' हालांकि, इस बयान में वार्ता करने वाली टीमों के बीच मौजूद मतभेदों का उल्लेख नहीं किया गया और न ही अगले दौर की तारीख की घोषणा की गई।

यह नवीनतम मंत्रिस्तरीय बैठक मई 2025 के बाद से सिद्धू और गोयल के बीच नौवीं बैठक थी। इस महीने की शुरुआत में मिल्वौकी में हुई जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बाद इस दिशा में नए सिरे से प्रयास किए जा रहे हैं। सिद्धू ने दोनों देशों के व्यवसायों को जोड़ने और वाणिज्यिक समझौतों को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए कनाडाई व्यापार मिशन का समर्थन करने के लिए गोयल को धन्यवाद दिया।

12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस मिशन में लगभग 300 प्रतिनिधि शामिल हैं और यह तीन दशकों से अधिक समय में भारत आने वाला कनाडा का सबसे बड़ा व्यापार प्रतिनिधिमंडल है। कनाडाई कंपनियां ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, एयरोस्पेस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उन्नत विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों की तलाश कर रही हैं। ओटावा ने कहा कि यह वाणिज्यिक समझौता कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति और अमेरिका से बाहर निर्यात को काफी हद तक बढ़ाने के उसके उद्देश्य का समर्थन करता है।

भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे, किसी बड़ी बाधा की आशंका नहीं : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (एजेंसी)

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं और दोनों देशों में राजनीतिक सोच में बदलाव होने के बावजूद यह साझेदारी आगे और मजबूत होती जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले से ही काफी मजबूत हैं और फिलहाल उन्हें कोई समस्या नजर नहीं आती।

उन्होंने कहा, मेरे विचार में दोनों देशों के बीच साझेदारी बेहद खास और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों बड़े लोकतांत्रिक देश हैं। यह याद रखना जरूरी है कि यह संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और मेरा मानना है कि आने वाले वर्षों में भी यह ऐसा ही बना रहेगा। कुल मिलाकर, मुझे अमेरिका के साथ समझौते करने में कोई बड़ी बाधा दिखाई नहीं देती। मंत्री ने आगे कहा कि यह साझेदारी व्यापार से आगे बढ़कर रक्षा सहयोग, प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं और लोगों के बीच मजबूत संपर्क तक फैली हुई है। उन्होंने कहा, हकीकत यह है कि भारत और अमेरिका के बीच बहुत करीबी संबंध हैं और दोनों कई क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। इनमें संयुक्त रक्षा अभ्यास और प्रौद्योगिकी, वस्तुओं तथा सेवाओं की खुली आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुनिश्चित करने के लिए सहयोग भी शामिल है। भारत-अमेरिका संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं और मेरा मानना है कि दोनों देशों में राजनीतिक सोच में किसी भी बदलाव के बावजूद ये संबंध और मजबूत होंगे। गोयल ने कहा कि इस संबंध की मजबूती हमारी आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं' से आती है।

भारत में 2026 के त्योहारी सीजन में कारोबार 7 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचने का अनुमान : कैट

नई दिल्ली (एजेंसी)

भारत में 2026 के त्योहारी सीजन (नवरात्रि से लेकर दीपावली तक) में कारोबार 7 लाख करोड़ रुपए से अधिक पहुंचने का अनुमान है, यह पिछले साल के आंकड़े से 15-18 प्रतिशत है। यह जानकारी कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से दी गई। कैट के नेशनल सेक्रेटरी जनरल और चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह अनुमान अलग-अलग राज्यों के व्यापार संघों और बाजारों से मिली जानकारी, ग्राहकों की मांग, त्योहारों के दौरान खरीदारी के ट्रेंड और ग्रामीण व अर्ध-शहरी इलाकों में बढ़ी हुई कमर्शियल गतिविधियों पर आधारित था। उन्होंने कहा कि पिछले साल त्योहारों के दौरान कुल कारोबार लगभग 6.05 लाख करोड़ रुपए का था, जिसमें 5.40 लाख करोड़ रुपए का सामान और 65,000 करोड़ रुपए की सेवाएं शामिल थीं।

कैट के अनुसार, मौजूदा त्योहारी सीजन में सर्विस सेक्टर में 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की उम्मीद है और इसका कारोबार 80,000 करोड़ रुपए से 1 लाख करोड़ रुपए के बीच रहने का अनुमान है। त्योहारों के समय बढ़ने वाली मांग से ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स डिलीवरी, वेयरहाउसिंग, होटल, रेस्टोरेंट, टूरिज्म, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट और लोकल ट्रांसपोर्टेशन जैसे सेक्टर को फायदा होने की उम्मीद है। कैट के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, त्योहारों के दौरान होने वाले व्यापार में ग्रोसरी और फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, इसके बाद सोना, चांदी और ज्वेलरी का नंबर आता है जिनकी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत होगी।

डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति बढ़कर 11.39% पहुंची, आउटपुट पीपीआई भी बढ़ा

सितंबर में थोक महंगाई में तेज उछाल

नई दिल्ली (एजेंसी)

देश में थोक महंगाई सितंबर 2026 में और बढ़ गई है। बुधवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक (होलसेल प्राइस इंडेक्स-डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सितंबर 2026 में बढ़कर 11.39 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त 2026 में 9.92 प्रतिशत थी। यह लगातार बढ़ती लागत और कच्चे माल की कीमतों के दबाव को दर्शाता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह लगातार दूसरा महीना है जब

थोक महंगाई में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सितंबर में सभी वस्तुओं का संयुक्त थोक मूल्य सूचकांक बढ़कर 112.5 पर पहुंच गया, जो अगस्त में 110.8 था। आंकड़ों के मुताबिक, महंगाई का दबाव केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्राथमिक वस्तुओं, ईंधन और ऊर्जा तथा विनिर्माण क्षेत्र तीनों में कीमतों में वृद्धि देखने को मिली।

सितंबर में प्राथमिक वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.67 प्रतिशत, ईंधन एवं ऊर्जा क्षेत्र की 25.85 प्रतिशत और विनिर्मित उत्पादों की 9.76 प्रतिशत दर्ज की गई। अगस्त में ये दरें क्रमशः 7.76 प्रतिशत, 22.93 प्रतिशत और 8.37 प्रतिशत थीं। इससे स्पष्ट है कि लागत का दबाव उत्पादन श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर मौजूद है।

प्राथमिक वस्तुओं का सूचकांक 120.3, ईंधन एवं ऊर्जा का 110.5 और विनिर्मित उत्पादों का 110.2 दर्ज किया गया, जो अगस्त के मुकाबले अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, खनिज तेल, खाद्य पदार्थ, कच्चा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, कोयला एवं लिग्नाइट, बेसिक मेटल्स, रसायन, वस्त्र, रबर एवं प्लास्टिक उत्पाद तथा विद्युत उपकरणों की कीमतों में बढ़ोतरी थोक महंगाई को ऊपर ले जाने वाले प्रमुख कारक रहे। विशेष चिंता की बात खाद्य महंगाई को लेकर भी रही। डब्ल्यूपीआई फूड इंडेक्स, जिसमें प्राथमिक खाद्य वस्तुएं और निर्मित खाद्य उत्पाद दोनों शामिल हैं, सितंबर में 8.66 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा, जबकि अगस्त में यह 7.05 प्रतिशत था।

इसका संकेत है कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में भी लागत का दबाव बना हुआ है, जिसका असर आगे चलकर खुदरा महंगाई पर भी दिखाई दे सकता है। वहीं, आउटपुट प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) भी सितंबर में बढ़कर 112.5 पर पहुंच गया, जो अगस्त में 110.8 था। कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन, खनन और विनिर्माण क्षेत्रों में उत्पादक मूल्य बढ़े हैं, जबकि बिजली क्षेत्र का सूचकांक अपेक्षाकृत कम रहा।